卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 245 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦16 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

ALLIANCE
MANCHESTER

जहाँ शत प्रतिशत सुकून
सिर्फ एक सपना नहीं, हकीकत है

BOOKING OPEN

**Plots starting**
**@ ₹ 30 lakh onwards**

RERA No. : UKREP06210000381

**25 saalon ka bharosa, 10+ projects**

Enclosed Boundary Wall
Eco friendly drainage system
3.75 kms road network

5 MIN
from the city's major medical facilities

10 MIN
from renowned educational institutions

15 MIN
from key locations like the Railway Station & Airport

**Home Loans Available**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

HDFC BANK

To know more, visit us
opposite Radhasoami Satsang, Rudrapur

9068800279
9058800279

# केदारनाथ त्रासदी के 11 साल : लोग भुला नहीं पाये हैं खौफनाक मंजर

## ❑मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दी श्रद्धांजलिः कहा प्रधानमत्री मोदी ने केदारपुरी के भव्य पुनर्निर्माण का संकल्प पूरा किया
## ❑बदल रहा है केदारपुरी का भव्य स्वरूप : केदारनाथ मास्टर प्लान के तहत दूसरे चरण में 11 परियोजनाओं का काम पूरा हुआ

देहरादून(उद ब्यूरो)। केदारनाथ में हुई भीषण त्रासदी की बरसी पर एक बार फिर 2013 का वह खौफनाक मंजर लोग भुला नहीं पाये हैं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ धाम में वर्ष 2013 की त्रासदी में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए केदारपुरी के पुनर्निर्माण में सहयोगी बनने का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने केदारपुरी के भव्य पुनर्निर्माण का संकल्प पूरा किया। इसका वृहद् मास्टर प्लान बनाकर सुनियोजित और चरणबद्ध तरीके से सभी कामों को पूर्ण किया गया। उन्होंने कहा कि आज श्री केदारनाथ धाम अपने भव्य और दिव्य स्वरूप में हम सबके सामने है। केदारनाथ धाम यात्रा हेतु विभिन्न सुविधाओं का विकास कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष बचे हुए कामों को पूर्ण किया जा रहा है। यात्रियों के लिए शीघ्र ही रोप-वे का निर्माण कार्य भी पूर्ण हो जाएगा। गौरतलब है कि देवभूमि में 11 साल पहले केदारनाथ आपदा ने जो जख्म दिया था, वह अब भरने लगा है। केदारपुरी की सूरत बदल रही है। तीर्थ यात्रियों के लिए अब यात्रा का अनुभव और बेहतर होने लगा है। केदारनाथ मास्टर प्लान का पहले चरण का काम पूरा होने के बाद अब दूसरे चरण में 23 में से 11 परियोजनाओं का काम पूरा कर लिया गया है। 12 योजनाओं पर काम तेजी से चल रहा है। धाम में यात्री सुविधाओं के साथ ही केदारपुरी को दिव्य एवं भव्य बनाए जाने के लिए मास्टर प्लान के अनुसार विकास कार्य एवं पुनर्निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। मंदिर मार्ग को पौराणिक और भव्य स्वरूप दिया जा रहा है, ताकि तीर्थयात्री मंदिर व मंदिर के प्रवेश द्वार का काफी दूरी से दीदार कर सकें। 2013 में 15, 16 और 17 जून को भारी जलप्रलय और बाढ़ से मंदिर परिसर सहित संपूर्ण केदारघाटी में भीषण तबाही हुई थी। 20 अक्तूबर 2017 को प्रधानमंत्री





नरेंद्र मोदी ने केदारनाथ दर्शन करने के बाद केदारपुरी के पुनर्निर्माण की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत धाम परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ पैदल मार्ग को भी भव्य रूप दिया जा रहा है। मास्टर प्लान के तहत पूरे क्षेत्र को कुल छह जोन में बांटा गया है। जोन-2 के तहत मंदिर मार्ग को भव्य और पौराणिक स्वरूप देने लिए प्रतिष्ठित और अनुभवी आर्किटेक्ट की मदद ली गई है। केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों की निगरानी प्रधानमंत्री कार्यालय से की जा रही है। इसके अलावा राज्य की मुख्य सचिव को पुनर्निर्माण कार्यों की निगरानी का जिम्मा दिया गया है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी दो बार केदारनाथ पहुंचकर पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही मुख्यालय में संबंधित अफसरों की समीक्षा बैठक ले चुकी हैं। 2017 में श्री केदारनाथ उत्थान चौरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना की गई थी। ट्रस्ट ने सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों से सीएसआर मद के तहत पहले चरण में 225 करोड़ के काम पूरे कर लिए हैं। अब दूसरे चरण में 198 करोड़ के निर्माण कार्य व तीर्थ यात्रियों के लिए 190 करोड़ से आवासीय सुविधाएं जुटाई जा रही हैं। इन कार्यों के इस साल पूरा होने का अनुमान है। योगेंद्र सिंह, सीईओ, केदारनाथ विकास प्राधिकरण के अनुसार केदारनाथ पुनर्निर्माण के कार्य लोक निर्माण विभाग के माध्यम से किए जा रहे हैं। पहले चरण के काम पूरे होने के बाद अब दूसरे चरण में भी तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। **केदारनगरी में ये काम हुए पूरे :** मंदिर के सेंट्रल एक्सिस व एप्रोच रोड का निर्माण पूरा। सेंट्रल एक्सिस व एप्रोच मार्ग के दोनों और भवनों की सुरक्षात्मक प्रतिधारक दीवार व यूटिलिटी डक्ट बनाई गई। केदारपुरी के पुनर्निर्माण के तहत 50 फीट चौड़ा गलियारा बनाया गया। प्राथमिक चिकित्सा पर्यटक सुविधा केंद्र तैयार। मंदाकिनी नदी की ओर वाटर एटीएम लगाया गया। गौरीकुंड में सुरक्षा गेट का निर्माण पूरा। सोनप्रयाग में रेन शेल्टर बनाया गया। सरस्वती नदी की ओर वाटर एटीएम लगाय गया। प्रवचन हॉल के पीछे रेन शेल्टर पूरा। ईशानेश्वर मंदिर का निर्माण पूरा। **निर्माण कार्य जो अभी चल रहे हैं :** संगम घाट का पुनर्विकास एवं पुनर्निर्माण कार्य। केदारनाथ धाम में सिविक सेंटर और इंटरप्रिटेशन सेंटर का निर्माण। प्रशासनिक कार्यालय व अस्पताल भवन निर्माण कार्य। केदारनाथ धाम परिक्षेत्रान्तर्गत भवनों का निर्माण कार्य। केदारनाथ धाम में यात्री आवासों का निर्माण सरस्वती प्लाजा एवं सिविक एमिनिटीज बिल्डिंग का निर्माण कार्य। सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का निर्माण कार्य। केदारनाथ धाम में 54 मीटर स्पान सेतु का निर्माण कार्य।







# उद्यान घोटाले में करोड़ों के ट्रांजेक्शन की जांच शुरू

देहरादून। करोड़ों रुपये के उद्यान घोटाले में सीबीआइ की कार्रवाई के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी निगाह टेढ़ी कर ली है। बताया जा रहा है कि घोटाले पर कार्रवाई करने के लिए ईडी की देहरादून शाखा के अधिकारियों ने सीबीआइ की जांच रिपोर्ट के आधार पर कसरत शुरू कर दी है। इस दौरान ईडी ने 20 से अधिक ऐसे बड़ ट्रांजेक्शन/भुगतान पकड़े हैं, जिन्हें सीबीआइ ने अपनी जांच में सीधे तौर पर अनियमितता से जुड़ा बताया है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी के अधिकारियों ने उद्यान घोटाले में सीबीआइ की जांच रिपोर्ट पर कुछ दिन पहले से ही काम करना शुरू कर दिया था। अब प्रकरण में सीबीआइ की ओर से तीन एफआइआर दर्ज किए जाने के बाद ईडी ने सक्रियता और बढ़ा दी है। इस क्रम में ईडी अधिकारी भी बहुत जल्द घोटाले से जुड़े आरोपित अधिकारियों और मनमानी और फर्जी खरीद से जुड़ी नर्सरी के संचालकों के ठिकानों पर छापेमारी कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि ईडी अधिकारी इस केस को भ्रष्टाचार के साक्ष्यों के लिहाज से मजबूत मान रहे हैं। अधिकारियों को इस प्रकरण में लांड्रिंग एक्ट में कार्रवाई के लिए पर्याप्त आधार नजर आ रहे हैं। यदि ईडी इस दिशा में आगे बढ़ती है तो आरोपितों की संपत्ति को अटैच करने में अफसरों को खास अड़चन पेश नहीं आएगी। अब ईडी भी तत्कालीन उद्यान निदेशक एचएस बवेजा के साथ ही देहरादून की तत्कालीन मुख्य उद्यान अधिकारी मीनाक्षी जोशी, नैनीताल के मुख्य उद्यान अधिकारी राजेंद्र कुमार सिंह, पिथौरागढ़ के तत्कालीन मुख्य उद्यान अधिकारी त्रिलोकी राय, उत्तरकाशी के तत्कालीन मुख्य उद्यान अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा पर मुख्य रूप से जांच के दायरे में लाने की तैयारी कर चुका है। साथ ही इनकी साजिश और भ्रष्टाचार में शामिल विभिन्न नसर्री कारोबारी, अन्य आरोपित और तमाम कार्मिक भी लपेटे में आएंगे। संभव है कि ईडी की जांच की आंच उद्यान विभाग में ऊपर तक भी पहुंच जाए। मनमर्जी के भुगतान पर ईडी की नजरः यूके हाइटेक नर्सरी (त्यूणी, देहरादून)1.64 करोड़ रुपये सब्सिडी के रूप में जारी करवाए गए पौध खरीद में 2.97 करोड़ रुपये का भुगतान पौध खरीद में 41.47 लाख रुपये का भुगतान पौध खरीद में 5.66 करोड़ रुपये का भुगतान पौध खरीद में 36.80 लाख रुपये का भुगतान बरकत एग्रो फार्म्स (जम्मू एंड कश्मीर) पौध खरीद में विभिन्न कार्यादेश में 2.55 करोड़ रुपये का भुगतान12 लाख रुपये की घूस दी गई फर्जी खरीद में 3.42 करोड़ रुपये का भुगतान मनमर्जी की सब्सिडी में 85.64 लाख रुपये का भुगतान17 लाख रुपये घूस के रूप में खाते में जमा कराए गए 43 लाख रुपये कैश में घूस आदि में दिए गए विनोद सीड्स आदि (नैनीताल और पिथौरागढ़ से संबंधित खरीद) 1.67 करोड़ रुपये की अनियमित पौध खरीद में भुगतान पौध खरीद में 4.23 करोड़ रुपये का भुगतान। स्वीकृति से अधिक 2.10 करोड़ रुपये चार महोत्सवों में खर्च कर दिए गए, जबकि प्रति महोत्सव 7.5 लाख रुपये तय था बजट। 10 लाख रुपये तत्कालीन निदेशक एचएस बवेजा ने निजी आवास में खर्च कर दिए। अनिका ट्रेडर्स के साथ ठिकाने लगाया गया सरकारी धन पौध खरीद में 1.92 करोड़ रुपये का भुगतान पौध खरीद में 1.70 करोड़ रुपये का भुगतान विभिन्न खरीद में 1.56 करोड़ रुपये का भुगतान पांच किश्तों में 1.40 करोड़ रुपये की घूस के ट्रांजेक्शन।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


# फायर वाचरों का जीवन बीमा करने में लापरवाही बर्दाश्त नही : उनियाल

## बीमा नहीं करने पर प्रदेश के 21 डीएफओ को नोटिस जारी

देहरादून(उद संवाददाता) मुख्यमंत्री और वन मंत्री के कड़े निर्देशों के बावजूद जंगलों में अग्नि नियंत्रण के लिए तैनात लगभग चार हजार फायर वाचर का सामूहिक जीवन बीमा कराने में वन प्रभाग हीलाहवाली बरत रहे हैं। राज्य में 41 वन प्रभागों में से केवल 20 ने अपने-अपने क्षेत्र में 2286 फायर वाचर का बीमा कराया। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने शनिवार को वन मुख्यालय में अग्नि नियंत्रण की समीक्षा बैठक में इस स्थिति पर सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन 21 वन प्रभागों में फायर वाचर का बीमा नहीं हुआ है, वहां के डीएफओ को मुख्यालय स्तर से कारण बताओ नोटिस जारी कर सभी से दो दिन के भीतर जवाब मांगा जाए। वन मंत्री उनियाल ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दो टूक कहा कि जंगलों की आग और मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए जो भी कार्य किया जा सकता है, वह किया जाए। साथ ही इसमें कार्मिकों व योजित फायर वाचर, दैनिक श्रमिकों की व्यक्तिगत सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन विषयों में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। जंगल की आग का उल्लेख करते हुए वन मंत्री ने कहा कि आग की घटनाएं नवंबर से ही शुरू हो जा रही हैं। ऐसे में अग्नि नियंत्रण के लिए अप्रैल का इंतजार करने के बजाए नवंबर में ही बजट जारी किया जाना चाहिए। उन्होंने राज्य के वन क्षेत्रों में सभी 571 सेक्शन में कार्यरत वन दारोगा को अग्नि नियंत्रण के दृष्टिगत लीफ ब्लोअर, ग्रास कटर समेत अन्य उपकरण हर हाल में अतिशीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। वन मंत्री ने अग्नि नियंत्रण में सक्रिय सहयोग देने वाले स्थानीय निवासियों की सूची भी सभी जिलों से मांगी है, ताकि उन्हें पुरस्कृत किया जा सके। वन मंत्री ने पूर्व में अग्नि नियंत्रण में योगदान देने वाले ग्रामीणों को जिला स्तर पर पुरस्कृत करने की घोषणा की थी। वन मंत्री ने उन वनकर्मियों की भी सूची मांगी है, जिन्होंने इस अग्निकाल में आग से निबटने में अहम योगदान दिया है। इन्हें भी पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि वन प्रभाग पिथौरागढ़, नैनीताल, रामनगर, बदरीनाथ, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, मुनिकीरेती, टिहरी, चकराता, मसूरी, पुरोला, बड़कोट, कोटद्वार व देहरादून, भूमि संरक्षण वन प्रभाग नैनीताल, अलकनंदा व पौड़ी, कार्बेट व राजाजी टाइगर रिजर्व और गोविंद वन्यजीव विहार प्रभागों ने फायर वाचरों का बीमा करावाया है।

# डॉक्टर बनकर लाखों रुपए की ठगी करने वाला नाईजीरियन दिल्ली से किया गिरफ्तार

देहरादून। देश में लाखों की ठगी करने वाले नाईजीरियन मास्टरमाईंड को एसटीएफ की टीम ने दिल्ली से अरेस्ट कर लिया है। आरोपी ने देहरादून निवासी एक महिला से सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर खुद को यूएस में गायनोलॉजिस्ट डॉक्टर बताकर धोखाधड़ी से लूट को अंजाम दिया था। आरोपी के पास से पुलिस ने 4 मोबाईल फोन,1 लैपटॉप और दो पासपोर्ट बरामद किए हैं। मामले को लकर देहरादून निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी थी। पीड़िता ने बताया था कि एक अज्ञात साइबर ठग ने सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर खुद कि पहचान डॉ विलियम रयकर बताया थी। आरोपी ने बताया की वो यूएसए में गायनोलॉजिस्ट डॉक्टर है। आरोपी ने पीड़िता को विदेश से 25 हजार ै क्वससंत, गिफ्ट आईटम, ब्रेसलेट ज्वैलरी और मोबाईल फोन, वॉच पर्स और कई अन्य कीमती सामान पार्सल से भेजने का प्रलोभन दिया। आरोपी ने पीड़िता को कस्टम डिमार्टमेन्ट दिल्ली से पार्सल आने का लालच देकर, बैक खाते में यूएस डालर को इण्डियन करेन्सी में प्राप्त व कनवर्ट करने के नाम पर 13 लाख 61 हजार 700 रुपए धोखाधडी से अलग-अलग बैंक खातो में ट्रांसफर करवाए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपित को मोहन गार्डन दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसके द्वारा गायनोलॉजिस्ट डॉक्टर बनकर भोले भाले लोगों से सोशल प्लेटफॉर्म के माध्यम से दोस्ती कर उन्हें विश्वास में लेकर उनके लिए विदेशी मुद्रा तथा विदेश से गिफ्ट भेजने के नाम पर धोखाधड़ी की जाती है। जिसके लिये उनके द्वारा स्वयं को विदेशी नागरिक बनकर विदेश से धनराशि व विदेशी गिफ्ट भेजने का झांसा देकर अलग- अलग एकाउन्ट में धनराशि जमा कराकर ठगी की गई है।



# राजीव सक्सेना भी लड़ सकते है व्यापार मंडल अध्यक्ष का चुनाव

## किच्छा नगर व्यापारमंडल चुनाव : कांग्रेस और भाजपा के समर्थित प्रत्याशी पर संशय बरकरार

**कैलाश पंडित**

किच्छा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा किच्छा नगर की इकाई के चुनाव कराने की घोषणा के बाद गठित चुनाव समिति के द्वारा प्रारंभ की गई कार्यवाही के बाद अध्यक्ष पद पर दावेदारी शुरू हो गई है।कांग्रेस भाजपा से नगर पालिका अध्यक्ष का सपना सजोए कई दिग्गज नेता भी नगर व्यापार मंडल की चुनावी जंग में कूदने का मन बना रहे है। ताकि नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद पर कब्जा कर नगर पालिका अध्यक्ष पद पर कब्जा करने में आसानी हो सके।इसी को लेकर बाजार में चर्चाओं का माहौल गर्म है। चर्चा है कि स्वर्गीय महेंद्र सिंह चावला की तरह नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष पद पर रहते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पद का भी चुनाव लड़ा जाए। जिसमें भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी राजीव सक्सेना



का नाम भी जोरों पर चल रहा है। चर्चा है कि सामान्य सीट होने पर जहां भाजपा विधानसभा के सोशल मीडिया प्रभारी एवं पूर्व नामित सभासद राजीव सक्सेना नगर पालिका अध्यक्ष पर दावा ठोकने का पहले से ही मन बनाए हुए बैठे हैं और इसके लिए प्रयासरत भी है। अब चर्चा है कि राजीव सक्सेना नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष पद पर भी चुनावी समर में कूद सकते हैं। इसके अलावा भाजपा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष पद महामंत्री पद कोषाध्यक्ष पद पर अपनी पार्टी के सपोर्टरों को विराजमान करने की जुगत में लगे हुए हैं किंतु इस जुगत के बीच में नगर व्यापार मंडल के चुनाव द्वारा गठित चुनाव समिति की कार्यशैली पर भी नगर व्यापार मंडल का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर लिए गए फैसलों पर आपत्ति जताई हुई है जिस सम्बंध में अभी तक चुनाव समिति द्वारा कोई भी वक्तव्य जारी नहीं किया गया है। हालांकि मीडिया में और नगर में चुनाव समिति द्वारा लिए गए कुछ निर्णय पर आम व्यापारी को भी आपत्ति नजर आ रही है किंतु अभी तक किसी भी दावेदार द्वारा लिखित रूप में कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है जबकि चुनाव समिति ने अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है तथा सदस्यता अभियान शुरू कर दिया गया है। इसी के तहत नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष महामंत्री कोषाध्यक्ष के पदों पर दावेदारी करने वाले धीरे-धीरे आम व्यापारियों के सम्मुख प्रकट हो रहे हैं लेकिन इस इसी बीच चर्चाएं इस बात पर चल रही है कि नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष पद पर भाजपा और कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी कौन कौन होगा। किंतु इसी बीच भाजपा विधानसभा मीडिया सोशल प्रभारी राजीव सक्सेना का नाम उनके समर्थकों के बीच नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष पद के लिए भी चर्चाओं में आ गया है।किंतु अभी तक राजीव सक्सेना द्वारा चुनाव लड़ने के संबंध में कोई भी वक्तव्य जारी नहीं किया गया है। इसी प्रकार अभी तक कांग्रेस समर्थित व्यापारियों से भी किसी ने दावा पेश नहीं किया है किंतु पूर्व के पदाधिकारी विजय अरोड़ा एवं प्रमोद ठुकराल द्वारा पहल शुरू की जा रही है।

## व्यापार मण्डल के सदस्य बनाने की नीति न्याय संगत नहीं: दानिश



किच्छा(उद संवाददाता)। व्यापार मंडल के जिलामहामंत्री दानिश इकबाल ने प्रेस को दिए बयान में कहा व्यापार मंडल चुनाव में चुनाव संचालन कमेटी ने सदस्य बनाने के लिए जो सीमा तय की गयी वो न्याय संगत नहीं है। इसमें ट्रांसपोर्ट नगर और सिरौली कलां के व्यापारियों को व्यापार मंडल की सदस्यता से वंचित रखना गलत है। वोट बनाने की जो नीति निर्धारित की गई है वो सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए एक समान होनी चाहिए सिरौली कलां एवं ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारी पहले भी व्यापार मंडल के सदस्य थे। दानिश इकबाल ने कहा भीषण गर्मी में चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ करने का कोई औचित्य नहीं है चुनाव संचालन कमेटी को इस का संज्ञान लेना चाहिए। दानिश इकबाल ने कहा सारे वोट्स कैंप में बनने चाहिए किसी भी प्रत्याशी को अधिकार नही मिलना चाहिए कि वो दुकानदारों के दस्तावेज इकट्ठे कर के वोट बनवाए। वोट बनाने का अधिकार सिर्फ चुनाव संचालन समिति को होना चाहिए।

## डेंगू को लेकर जिले में चिह्नित किए गए 47 हॉट स्पॉट क्षेत्र

रुद्रपुर। बरसात की दस्तक से पहले संभावित डेंगू से रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। विभाग की ओर से चिह्नित 47 हॉट स्पॉट पर आशाएं घर-घर जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के इंतजाम करा रही हैं। साथ ही जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मानसून सत्र की शुरुआत होने के बाद 15 जुलाई से जल जनित रोग डेंगू का प्रकोप देखने को मिलता है। इस बार विभाग की ओर से मानसून आने से पहले ही डेंगू की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान छेड़ दिया गया। विभाग ने पूरे जिले में करीब 47 हॉट स्पॉट चिन्हित किए हैं। जहां आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर कूलरों में जमा गंदा पानी निकालने के साथ ही लोगों को डेंगू से बचाव के तरीके बता रही हैं। ताकि, जिले को डेंगू मुक्त रखा जा सके। वहीं, नगर निगम काशीपुर के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी व रुद्रपुर नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हर्षपाल सिंह की ओर से डेंगू मच्छरों के लार्वा को खत्म करने के लिए फॉगिंग व लार्वी साइट स्प्रे कराया जा रहा है।

## लेबर अड्डे पर मजदूरों से हो रही अवैध वसूली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा मार्ग पर तीन पानी लेबर अड्डे पर कुछ दबंग लोगों द्वारा मजदूरों से जबरन वसूली करने का मामला सामने आया है। एक महिला श्रमिक सहित अन्य ने वसूली करने वाले कुछ युवकों पर मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की हे। उनका कहना है कि आज सुवह 9 बजे वह सभी तीन पानी लेवर अड्डे पर खड़े थे। जहां उन्हें बिना किसी बात के लेवर अड्डे पर वसूली करने वाले 3 लड़को ने मिलकर डण्डे व थप्पड से बुरी तरह से मारा पीटा। ये लोग कह रहे थे अगर तुम दोवारा अड्डे पर आये तो जान से मार देंगे ।अगर तुमने दूसरी जगह भी काम किया तो भी तुम्हे मारेंगे। आरोप है कि लड़के अड्डे पर मजदूरों से रूपये लेते है। अड्डे पर बदमाशी दिखाते है। उन्होंने पुलिस से लेवर अड्डे तीन पानी पर मजदूरों से वसूली करने वाले लोगो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

## ग्रोवर ने स्व.केशव को बताया मसीहा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।समाजसेवी केशव चौधरी के निधन पर उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित करने हुए मानसिंह ग्रोवर ने कहा कि स्व. चौधरी मित्रों के मित्र थे और सभी को आपस में प्यार करने की शिक्षा दे गये। वह हमेशा इंसाफ की बात करते थे। सत्य के पथ पर चलकर इन्होंने दूसरों का मन जीत लिया था। मान सिंह ग्रोवर ने ईश्वर से स्व. केशव चौधरी की आत्मा को शांति प्रदान करने की विनती की है। श्री ग्रोवर ने कैंची धाम में बेहतर व्यवस्थाओं के लिए शासन प्रशासन की प्रशंसा की।


## आवश्यकता है

| | |
|---|---|
| **अकाउंटेंट टेली-** | 3 वर्ष का अनुभव |
| **फील्ड ऑफिसर-** | 3 वर्ष का अनुभव |
| **रिसेप्शनिस्ट-** | 2 वर्ष का अनुभव |
| **सुपरवाइजर-** | 3 वर्ष का अनुभव |
| **माली-** | 3 वर्ष का अनुभव |
| **चपरासी** | |

**Mail yr bio data on**
Aalishan.uk@gmail.com

-संपर्क करें-
मो.9568300015,17


# टांडा उज्जैन में ईंट व खनन भरे वाहनों से खुलेआम चल रही 'अवैध वसूली'



## रात 10 से सुबह 7 तक अंजान शख्स दे रहे काम को अंजाम

काशीपुर(उद संवाददाता)। टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र में ईंट व अवैध खनन भरे वाहनों से लगातार अवैध उगाही की जा रही है। अवैध उगाही का यह सिलसिला रात लगभग 10 बजे से सुबह के 7 तक चलता रहता है। जानकारी के मुताबिक मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति रात के अंधेरे में टांडा उज्जैन चौराहे पर बैठा रहता है जो खनन भरे वाहनों से पूरी रात अवैध वसूली करता है। इसी तरह अलीगंज अड्डे पर अंग्रेजी शराब की दुकान के आसपास भी एक मोटर साइकिल सवार व्यक्ति को ईंट भरे ट्रकों से अवैध वसूली करते हुए देखा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि वसूली करने वाला यह व्यक्ति स्थानीय पुलिस से मिला हुआ है। अक्सर जब कोई वाहन बगैर सुविधा शुल्क दिए निकलने की कोशिश करते हैं तो उन्हें पीछे से दौड़ा कर बुरी तरह प्रताड़ित किया जाता है। इस गैर कानूनी खेल में कुछ ऐसे भी चेहरे शामिल है जो दिन के उजाले में खुद को सच्चा और ईमानदार साबित करने की फिराक में लगे रहते हैं। जानकारी के मुताबिक ईंटों की बड़ी खेप उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के चंदौसी संभल बहजोई तथा ठाकुर द्वारा आदि इलाकों से उत्तराखंड में लाई जा रही है। ईंटों भरे वाहन सुविधा शुल्क के दम पर राज्य की सीमा बड़ी ही आसानी से पार कर रहे हैं। चौकी क्षेत्र में चल रही अवैध उगाही के कारण कई बार गंभीर दुर्घटनाओं की स्थिति भी पैदा हो जाती है लेकिन उच्चाधिकारी गैरकानूनी ढंग से की जा रही अवैध वसूली को लगातार नजर अंदाज कर रहे हैं। वाहनों से अवैध वसूली करने वाला व्यक्ति दिन के उजाले में अक्सर पुलिस चौकी के आसपास देखा जाता है।

### एसएसपी के आदेशों की उड़ी धज्जियां



काशीपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी जहां एक और जिले में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ और बेहतर बनाने की कवायद में लगे हुए हैं वहीं दूसरी ओर कुछ भ्रष्ट व हेकड़ किस्म के पुलिसकर्मी एसएसपी के प्रयासों को पलीता लगाते हुए पुलिसिंग के नाम पर खुद की जेब भर रहे हैं। उनका काम वाहनों से अवैध वसूली तथा जुर्म जरायम को संरक्षण देना है। जानकारों का कहना है कि इनमें से अधिकांश ऐसे पुलिस कर्मी है जो जुगाड़ के दम पर पिछले कई वर्षों से एक ही स्थान पर जमे है।

# चिलचिलाती धूप से झुलस रहा जनजीवन

## बढ़ती गर्मी से मैदानी क्षेत्रों में लोग हुए बेहाल,देहरादून में तापमान 43 डिग्री पार,सड़कों पर निकलना हुआ मुश्किल, हीट वेव का अलर्ट

देहरादून /रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में भी बीते कुछ दिनों से दर्ज की जा रही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी का कहर अभी भी कुछ दिन तक जारी रहेगा। प्रदेश के मैदानी इलाकों के साथ कुछ पर्वतीय जिलों के हिस्सों में भी गर्म हवाएं खूब परेशान करेंगी। इसके लिए मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र, उत्तराखण्ड के अनुसार, राज्य में आज 16 जून को पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग जिले के ऊंचाई वाले स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना है। जबकि, मैदानी क्षेत्रों में लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में दून का पारा 0.6 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। अब केवल ऑल टाइम सर्वाधिक तापमान जो चार जून 1902 को 43.9 डिग्री सेल्सियस रहा था, इस बार तापमान उसके करीब पहुंचने की संभावना बन रही है। भीषण गर्मी का दौर दो से तीन दिन इसी प्रकार बना रहा तो ऑल टाइम रिकॉर्ड भी इस बार टूट सकता है। दून में भीषण गर्मी का आलम यह है कि सुबह नौ बजे कई स्थानों पर तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस पहुंच रहा है, जिससे लोग सुबह से ही गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। दोपहर 12 बजे आशारोड़ी का तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर ढाई बजे दून का अधिकतम



तापमान कई स्थानों पर 43.0 डिग्री सेल्सियस रहा दोपहर की भीषण गर्मी से रात 12 बजे तक भी तापमान सामान्य से पांच से सात डिग्री सेल्सियस ऊपर बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि उत्तराखंड में फिलहाल मौसम शुष्क बना रहने का अनुमान है। कहीं-कहीं दोपहर बाद हवाएं चल सकती हैं। पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, चमोली और बागेश्वर व रुद्रप्रयाग जनपदों में ऊंचाई वाले स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। शेष समूचे मैदानी क्षेत्रों में रविवार तक लू चलने को लेकर ऑरेंज चेतावनी जारी की गई है। रुद्रपुर। तराई में तापमान 42 डिग्री के आसपास बना हुआ है।बारिश नहीं होने से भीषण गर्मी व लू से लोग त्रस्त हो गए हैं। दिन में तेज धूप व गर्म हवा के चलने से सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। लोग गमछे से मुंह ढंककर बाहर निकलने को मजबूर हैं। शनिवार को तराई का अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूरे दिन 14.8 किलोमीटर की गति से पश्चिमी-उत्तरी हवा चलती रही। बढ़े तापमान में बहती हवा बदन झुलसाने का काम कर रही थी। लोग जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे हैं। सुबह 10 बजे के बाद लोग बाहर निकलना मुनासिब नहीं समझ रहे। दोपहर में सड़कें एकदम सूनी पड़ जा रही हैं। जैसे ही शाम हो रही है कि सड़कों पर लोगों की आवाजाही बढ़ जा रही है। शहर के डीडी चौक, अग्रसेन चौक से लगते हुए बाजार में अत्यधिक वाहनों के चलते जाम की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. आरके सिंह ने बताया कि 18 जून को दिन में तापमान इसी प्रकार रहेगा। शाम को कुछ जगहों पर बूंदाबांदी हो सकती है।

# सीएम ने ऋषिकेश एम्स में भर्ती घायलों का जाना हाल





## टेंपो ट्रैवलर दुर्घटना में 14 लोगों की मौत,चालक को नींद की झपकी आने से हुआ हादसा, मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख की आर्थिक सहायता

देहरादून/ऋषिकेश(उद संवाददाता)। उत्तराखंड ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में एक वाहन दुर्घनाग्रस्त होकर 250 मीटर गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। 10 की घटनास्थल में ही दम तोड़ दिया था। इसके अलावा दो की मौत जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग और दो की मौत एम्स ऋषिकेश में हुई है। हादसे में घायल 13 लोगों में सात का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रप्रयाग में हुई वाहन दुर्घटना में मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गम्भीर रूप से घायलों को 40-40 हजार तथा सामान्य घायलों को 10-10 हजार की आर्थिक सहायता भी देने के निर्देश दिये।जबकि 5 एम्स में भर्ती हैं। हादसे का कारण वाहन चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। साथ ही वाहन में सवार 23 लोगों में अधिकांश भी नींद में थे। शुक्रवार देर रात्रि को नई दिल्ली से अलग-अलग जगह के 23 युवाओं का दल टेंपो- ट्रेवलर में चोपता- तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रेकिंग के लिए रवाना हुआ था। शनिवार को ऋषकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूर्वाह्न लगभग 11.30 बजे वाहन रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने आरसी पैरापिट तोड़कर सीधे गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरा। हादसे की सूचना पर प्रशाशन, पुलिस, जिला आपदा प्रबंधन, एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू में जुट गई। मौके पर 10 लोग मृत मिले। अन्य 16 घायलों को लगभग दो घन्टे में गहरी खाई से सड़क में लाकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। घायलों में सात को गंभीर हालत के चलते केदारनाथ यात्रा में संचालित हेलिकॉप्टर से एम्स ऋषकेश रेफर किया गया। जहां, दो की मौत हो गई। इधर जिला चिकित्सालय में भर्ती घायलों में भी दो की मौत हो गई। हादसे पर डीएम डा. सौरभ गहरवार और एसपी विशाखा अशोक भदाणे ने गहरा दुख जताया है। दोनों अधिकारियों के नेतृत्व में घायलों का यथाशीघ्र उपचार दिलाया गया और कम से कम समय में गंभीर को हायर सेंटर रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन चारधाम यात्रा का नहीं था। इसलिए वाहन का ट्रिप कार्ड नहीं बनाया गया था। साथ ही यात्रियों का पंजीकरण भी नहीं था। ट्रिप कार्ड व पंजीकरण की बाध्यता सिर्फ चारधाम वाहनों व यात्रियों के लिए है। बताया जा रहा है कि जब ब्रहमपुरी में वाहन को पंजीकरण जांच के लिए रोका गया तो चालक ने चोपता तुंगनाथ ट्रिप पर जाने की बात कही। जिस पर वाहन को चेक पोस्ट से छोड़ दिया गया। वाहन में सभी सवार युवा थे। जो चोपता- तुंगनाथ -चंद्रशिला की ट्रिप पर पर निकले थे। वाहन हरियाणा का था। जिसका एक साल पहले ही पंजीकरण किया गया था। वाहन के सभी दस्तावेज पूर्ण थे। वाहन में यात्री दिल्ली से बैठाए गए थे। हादसे के खबर पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि टेंपो ट्रैवलर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगतों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। बाबा केदार से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

## वाहन दुर्घटनाओं पर सीएम ने दी सख्त चेतावनी

देहरादून। जनपद रुद्रप्रयाग में हुई बस दुर्घटना व हाल के दिनों में चारधाम यात्रा मार्ग पर हुई अन्य बस दुर्घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य कर पीड़ितों को मदद पहुँचाने के निर्देश दिए। उन्होंने अफसरों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी विभाग के अधिकारी द्वारा दायित्व निर्वहन में शिथिलता पाई गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आज हुई दुर्घटना की जांच के लिए संभागीय परिवहन अधिकारी पौड़ी के नेतृत्व में लीड एजेंसी को रवाना किया। संयुक्त परिवहन आयुक्त सनत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि जिला प्रशासन द्वारा दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों को दुर्घटना राहत निधि से राहत की धनराशि भी तत्काल उपलब्ध करा दी जाए। दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। एक सप्ताह के भीतर चारधाम यात्रा मार्ग पर दो बसों की दुर्घटना पर मुख्यमंत्री द्वारा चिन्ता व्यक्त करते हुए परिवहन एवं पुलिस विभाग के सभी प्रवर्तन अधिकारियों को वाहनों की यांत्रिक दशा की जांच कड़ाई से करने और ग्रीन कार्ड निर्गत करने में सावधानी बरतने के निर्देश दिये गये।





## दिल्ली से चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला की ट्रिप के लिए निकले थे सभी युवा यात्री

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड में हुए दर्दनाक हादसे ने 14 लोगों की जान छीन ली। जबकि कुछ जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। हादसे की भयावह तस्वीरें सामने आई जो दिल दहला देने वाली हैं। हंसी खुशी जा रहे यात्रियों को क्या पता था कि पल भर में ही उनके साथ इतना बड़ा हादसा हो जाएगा। यादें संजोने के लिए जा रहे यात्रियों को जिंदगी भर का दर्द मिल गया। 26 यात्रियों को लेकर टेंपो ट्रेवलर रात को दिल्ली से चला था। रुद्रप्रयाग शहर से पांच किलोमीटर आगे बदरीनाथ हाईवे पर रैतोली के पास यह टेंपो ट्रेवलर अलकनंदा नदी में गिर गया। हादसे का कारण अभी ड्राइवर को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। संभवत: वाहन तेज गति से भी था, जो पैराफिट तोड़कर 250 मीटर नीचे जा गिरा। वाहन में 26 लोग थे, जिसमें तीन ड्राइवर थे। सात घायलों को हेलिकॉप्टर से एम्स ले जाया गया। अन्य को अस्पताल में भर्ती किया गया। रुद्रप्रयाग जिले में हुआ हादसा यात्रियों और उनके परिजनों को जिंदगीभर का दर्द दे गया। वाहन गिरते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मदद के लिए यात्री चीखते रहे। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस प्रशासन जिला आपदा प्रबंधन, डीडीआरएफ समेत अन्य टीम मौके पर रेस्क्यू कार्य कर रही है। बताया जा रहा है कि यहां रेलवे लाइन पर काम कर रहे तीन लोग बचाने के लिए कूदे, जिनमें से एक की मौत हो गई। इस यात्रा में कई यात्रियों ने अपने परिजनों और साथियों को खो दिया। कई यात्री गंभीर घायल है। जिन्हें एयरलिफ्ट किया गया है।

## रूद्रप्रयाग सड़क हादसे के मृतकों के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से मुआवजे का ऐलान

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुद्रप्रयाग जिले में हुए हादसे पर गहरा दुख जाहिर किया। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री राहत कोष से मदद का ऐलान किया गया है। मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुई सड़क दुर्घटना पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि मेरी संवेदनाएं इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के साथ हैं। स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं और घायलों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। रुद्रप्रयाग घटना पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा कि मृतकों की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं और जो घायल हैं उनके स्वास्थ्य के लिए कामना करता हूं। उनको बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए राज्य सरकार से याचना करता हूं। इस समय पर्वतीय क्षेत्रों में दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। इस पर चिंता करने की आवश्यकता है। वहीं विपक्षी दल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व महासचिव प्रियंका गाधी वाड्रा ने उत्तराखंड हुई दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीर्घ स्वास्थ्य लाभ कामना की है। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार से पीड़ितों को राहत पहुंचाने की अपील की है।

## समर कैंप के समापन पर बच्चों को किया पुरस्कृत

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा सिंह सभा परिसर में स्त्री सत्संग सभा एवं गुरु नानक पब्लिक स्कूल के सौजन्य से लगाए गए 15 दिवसीय समर कैंप के समापन के अवसर पर प्रतिभाग करने वाले 64 बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं मैडल देकर पुरस्कृत किया गया । वहीं विभिन्न ग्रुपों में प्रथम, द्वितीय ,तृतीय रहे बच्चों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया समर कैंप में गुरुमुखी अक्षर ज्ञान, सिख इतिहास ,शुद्ध गुरबाणी पाठ ,शब्द कीर्तन एवं सिख सिद्धांतों का प्रशिक्षण दिया गया। 64 बच्चों ने समर कैंप में प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त करके अपनी कला का भी प्रदर्शन किया । समापन के अवसर पर बच्चों द्वारा शबद कीर्तन एवं कथा विचार करते हुए स्वयं ही अरदास की । इस दौरान नरेंद्र सिंह ग्रोवर,सविंदर कौर रोजी,ज्ञान सिंह, राजेंद्र सिंह,हरजिंदर सिंह, परविंदर कौर,इंद्रजीत सिंह,सुरेंद्र सिंह,अमरीकसिंह,बलजीत सिंह, जगजीत सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।




## अवैध शराब की भट्टी पकड़ी

किच्छा(उद संवाददाता)। लालपुर चौकी पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ, अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चंदन नगर गांव में कच्ची शराब बना रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की है तथा लहन नष्ट किया। इस कार्रवाई में एक शराब तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ गया जबकि तीन अन्य फरार हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान में लालपुर चौकी पुलिस ने चंदननगर नदी के किनारे चल रही अवैध शराब की भट्टी पर विजय कुमार पुत्र रामचन्द निवासी महाराजपुर को गिरफ्तार कर मौके से 400 ली0 शराब बरामद की साथ ही 5000 ली0 लहन नष्ट किया और शराब बनाने के उपकरण बरामद किये। पुलिस की कार्रवाई के दौरान नरेन्द्र सिह उर्फ बिटटु पुत्र बचन सिह निवासी गुरुदवारा वाली गली लालपुर, शमशेर सिह उर्फ शम्भु पुत्र गुरनाम सिह निवासी गुरुदवारा वाली गली लालपुर फरार हो गये। अभियान में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक भुपेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल रोशन खेडा आदि शामिल रहे।



# बकरीद पर पूर्व निर्धारित स्थानों पर ही हो कुर्बानी: डीएम

## शांति व्यवस्था के लिए डीएम ने ली अमन कमेटी की बैठक

रुद्रपुर। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में अमन कमेटी की बैठक शनिवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने त्यौहार को सौहार्दपूर्वक व शांतिपूर्ण ढंग से मानने का आह्वान किया। उन्होंने का कि कुर्बानी के लिए पूर्व निर्धारित स्थानों व रास्तों का ही उपयोग किया जाए। कुर्बानी खुले स्थान पर न की जाए, कुर्बानी स्थल को चारों ओर से कवर किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी न हो। उन्होंने कहा कि माहौल को खराब करने वाली किसी भी वीडियो, फोटो एवं सेल्फी को सोशल मीडिया पर अपलोड न किया जाए, ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों तथा उलेमाओं से अपने अपने स्तर से ही युवाओं को जागरूक करने की अपील भी की ताकि सोशल मीडिया पर कोई भी गलत पोस्ट या अफवाह वायरल न हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि कुर्बानी इस प्रकार की जाए कि किसी की भी भावनाएं आहत न हों। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि मा. न्यायालय का आदेश है कि कुर्बानी खुले में न की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्व निर्धारित स्थानों ईदगाहों आदि में नमाज अदा करें किसी भी प्रकार से सार्वजनिक अव्यवस्था को न होन दें। उन्होंने 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को स्लॉटर हाउस अथवा कुर्बानी स्थल पर न ले जाने की अपील भी की। उन्होने किसी भी प्रकार की अफवाह को फैलने से रोकने तथा पुलिस प्रशासन को तुरंत सूचित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मौलाना जाहिद रजा रिजवी ने कहा कि ईद को पूर्व की भांति ही मनाया जाएगा। उन्होंने ईद के अवसर पर पेयजल आपूर्ति बढ़ाने, बिजली व्यवस्था सही रखने के साथ ही सफाई व्यवस्था को भी दुरस्त रखने की अपील प्रशासन से की ताकि किसी भी प्रकार की गंदगी न हो। जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि बैठक करते हुए संबंधित अधिकारियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं । उन्होंने कहा कि बकरीद के त्योहार के लिए नमाज, कुर्बानी आदि के लिए जो सावधानियां बरती जानी चाहिए उनका प्रशासन पूर्णत: ध्यान रखेगा साथ ही जनप्रतिनिधियों व उलेमाओं से भी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने ईद-उल-जुहा की अग्रिम शुभकामनाएं दी। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ रूद्रपुर निहारिका तोमर, एसडीएम मनीष बिष्ट, गौरव पांडे, कौस्तुभ मिश्र, नगर उपायुक्त शिप्रा जोशी, रुद्रपुर से मौलाना जाहिद रजा रिजवी, अयूब खान, दानिश रजा, किच्छा से लियाकत अली, नासिर खाँ, सितारगंज से सैय्यद आसिफ मियां, मौलाना सलीम रिजवी आदि उपस्थित थे।



# पिस्टल और कारतूस के साथ एक संदिग्ध गिरफ्तार

केलाखेडा( उद संवाददाता)। थाना अन्तर्गत बेरिया दौलत पुलिस ने एक व्यक्ति को बोर नदी डलपुरा पुलिया के पास से पिस्टल फैक्ट्री मेड 32 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष ललित मोहन रावल ने बताया कि उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह मेहता व कांस्टेबल जगदीश सिंह नगरकोटी, कांस्टेबल नागेन्द्र राठी शान्ति व्यवस्था व चौकिंग के दौरान कस्बा बेरिया दौलत में गश्त पर थे इसी दौरान मुखबिर ने बताया कि एक व्यक्ति बोर नदी डलपुरा पुलिया के पास पिस्टल लेकर खडा है। सूचना पर तुरंत उक्त स्थान पर पहुच वहा खडे व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसके पास से पिस्टल फैक्ट्री मेड 32 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम जितेन्द्र उर्फ जतिन कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी बेरिया दौलत थाना केलाखेडा बताया। पिस्टल के साथ पकडे गये आरोपी को कोर्ट मे पेश कर दिया गया है।



# भाजपा सरकार का पुतला फूंक मांगा उद्यान मंत्री से इस्तीफा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का पुतला दहन कर उद्यान मंत्री गणेश जोशी का इस्तीफा मांगा।उत्तराखंड के चर्चित उद्यान घोटाले में सीबीआई द्वारा कई अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही सहित उद्यान मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस ने अध्यक्ष करन माहरा के निर्देश पर पूरे उत्तराखंड मे कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष राहुल ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को शर्मसार करने वाले उद्यान घोटाले पर सीबीआई की विस्तृत जाँच रिपोर्ट ने भाजपा राज की पोल खोल दी है। नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री और उद्यान मंत्री गणेश जोशी को तत्काल अपना पद छोड़ देना चाहिए। जिला महामंत्री मलय बिष्ट ने कहा कि भाजपा के संरक्षण में ही उत्तराखंड को लूटने का खेल लंबे समय से खेला जा रहा है। लूट खेल की पोल सीबीआई द्वारा खोल दी गयी है। उद्यान मंत्री को तत्काल अपना पद छोड़ देना चाहिए। पुतला दहन कार्यक्रम में डॉ मयंक भट्ट, योगेश जोशी, विनोद कुमार पिंनु, हाजी सुहैल सिद्दीकी, पूर्व पार्षद राधा आर्य, राजो टंडन, दिनेश चौहान, गोविंद बगड़वाल, हेमन्त साहू, विक्की छिमवाल, धर्मवीर, संजू उप्रेती, अमित रावत,अरमान खान आदि रहे।



# सिक्स सिग्मा के छात्र-छात्राओं को महिन्द्रा प्राइड ने दिया प्रशिक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस में महिंद्रा प्राइड द्वारा छह दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारम्भ सी.ए. प्रभात दिवाकर द्वारा एवं संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन द्वारा कराया गया। प्रशिक्षण में नर्सिंग और पैरामेडिकल के 70 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं को महिंद्रा प्राइड के सी.ए. प्रभात दिवाकर द्वारा छात्र-छात्राओं को कम्युनिकेशन स्किल, धन प्रबंधन, गोल सेटिंग, समय प्रबंधन, क्लीननेस एण्ड हाइजीन, रिज्यूम बील्डिंग का प्रशिक्षण दिया। तत्पश्चात प्रशिक्षण से सम्बंधित पी.पी.टी एवं प्रस्तुति कर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे सभी छात्र-छात्राओ ने प्रतिभाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गुरलीन कौर,दूसरे स्थान पर इकरा बी एवं तीसरे स्थान पर रही शेफाली को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण में संस्थान के चेयरमैन राजेश कुमार डाबर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, मैनेजिंग डायरेक्टर सी.ए. शिव अरोरा, डायरेक्टर डॉ. सीमा अरोरा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर वंश डावर, शौर्य अरोरा, इंजीनियरिंग विभाग के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ. विजय सिंह , विभागाध्यक्ष कल्पलता सिंह, मिली मंडल, सीमा सरकार, पूजा वाल्मीकि, बबिता यादव, सी.ए.ओ. अनुभव बाठला एवं सभी शिक्षक- शिक्षकाओ के साथ-साथ लगभग सत्तर छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं जानकारी प्राप्त की ।



# कबूतर बाजी में ठग लिए साढ़े तेरह लाख रुपए

## एसएसपी को पत्र भेज पीड़ित ने लगाई गुहार

गदरपुर( उद संवाददाता)। आस्ट्रेलिया भेजने के नाम युवक से साढ़े 13 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। युवक से रुपये लेने के बाद फर्जी वीजा और पासपोर्ट थमा दिया गया। युवक ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम वमनपुरी तहसील गदरपुर निवासी दर्शन सिंह ने बताया कि उसकी मुलाकात बिलासपुर तहसील के ग्राम गज्जीपुर के दो युवकों से हुई थी। दोनों ने उसे आस्ट्रेलिया भेजने के लिए वीजा और पासपोर्ट बनाकर देने का भरोसा दिया था। उन्होंने साढ़े 13 लाख रुपये का खर्चा बताया। भरोसा कर उसने आठ दिसंबर 2022 से 10 जुलाई 2023 तक साढ़े 13 लाख का भुगतान कर दिया। 12 जुलाई 2023 को वह दिल्ली एयरपोर्ट से दुबई पहुंच गया। 14 जुलाई को दुबई एयरपोर्ट प्रबंधन ने वीजा और पासपोर्ट फर्जी बताकर उसे भारत वापस भेज दिया था। उसका कहना है कि उसे आस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद पूरे रुपये देने थे लेकिन उसको डरा धमकाकर पहले ही रुपये वसूल किए गए थे। जब उसने आरोपियों से रकम वापस मांगी तो उन्होंने दस्तावेजों का दुरुपयोग कर जेल भिजवाने और हाथ पांव तोड़कर मरवाने की धमकी दी है। प्रशासन से जानमाल की रक्षा करने और रुपए वापस दिलवाने की गुहार लगाई है।

# कार खाई में गिरने से एक ही परिवार के छह लोग घायल

रामनगर (उद संवाददाता)। बेरीनाग से हल्द्वानी आ रही कार के ब्रेक फेल हो गये जिससे कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी। हादसे में कार सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों को रामनगर चिकित्सालय भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से बेरीनाग निवासी गणेश जोशी वर्तमान में अपने परिवार के साथ कमललुआगांजा बोरा कालोनी हल्द्वानी में रहते हैं । वह अपने परिवार के साथ बेरीनाग पूजा पाठ के कार्यक्रम में शामिल होकर शनिवार की शाम वापस कार से भतरोजखान होते हुए हल्द्वानी की ओर आ रहे थे। इसी बीच सौराल में अचानक कार के ब्रेक फेल हो गए और कार करीब 300 मीटर सड़क से नीचे खाई में जा गिरी। कार में सवार लोगों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने सभी घायलों को गाड़ी से बाहर निकाल कर रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने घायल गणेश जोशी व उनकी पत्नी हंसी जोशी तथा पुत्र मनोज जोशी, बहू रेखा जोशी तथा मनोज जोशी के दो मासूम बच्चे गीतांश एवं रियांश का प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत गंभीर होने के चलते उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंची पुलिस ने घायलों के परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए जांच शुरू कर दी है।



# बकरीद की तैयारी पूरी,खूब हुई खरीददारी

## ईदगाह और मस्जिदों के साथ ही घरों में भी की जा रही विशेष तैयारियां

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। बकरीद के त्योहार को लेकर तैयारिया जोरशोर से चल रही हैं। बाजारों में भी भीड़ उमड़ने लगी है। 17 जून को बकरीद मनाने को लेकर ईदगाहों और मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई जाएगी। जिसके लिए साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। नमाज अदा करने के बाद कुर्बानी होगी। ईदगाहों और मस्जिदों में बकरीद की नमाज के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। घरों में भी लोगों ने तैयारिया तेज कर दी हैं। शहर की लगभग सभी बाजारों में त्योहार को लेकर खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ रही है। गर्मी के कारण दोपहर में कम लोग ही खरददारी करते नजर आए जबकि शाम ढलते ही लोग बाजारों में रेडिमेड कपड़ों, कास्मेटिक्स की दुकानों में खरीदारी करने पहुंच गए। कोई कुर्ता पाजामा तो कोई बकरा बाजारों में रौनक बढ़ गई है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बकरों की कीमत में भी बढ़ोतरी हुई है। ईद की नमाज सोमवार को ईदगाह में मौलाना आजम कादरी सवा 8 बजे, मस्जिद बंजाराना में मौलना वासित पौने 8 बजे, आस्ताना जहांगीरी में मौलाना मुफ्ती जाबिर 7 बजे, चिराग अली शाह बाबा में पौने सात बजे मौलाना हयातुलाह खान, जलाल शाह बाबा में 7 बजे, गफ्फारी मस्जिद में सवा सात बजे, बिलाली मस्जिद में सात बजे, इंद्रा नगर बड़ी मजिस्द में 7 बजे, ताज मस्जिद में सवा सात बजे, लाल मस्जिद में पौने सात बजे पढ़ी जाएगी। मौलाना आजम कादरी ने पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है। साथ ही उन्होंने कुर्बानी पर्दे में ही करने की अपील की। साथ ही मुफ्ती आजम कादरी ने लोगों से कहा है कि कुर्बानी करते वक्त वीडियो व फोटो ना बनाएं और सोशल प्लेटफार्म पर वायरल ना करें और किसीके ऊपर कमेंट बाजी भी ना करें। वहीमौलाना वासित ने लोगों से कहा है कि ईद की नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर सारे गिले शिवे दूर करें और भाईचारे को कायम रखें।

# जाहरवीर गोगाजी की मूर्ति विधि विधान से स्थापित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। रम्पुरा वार्ड नं. 23 स्थित श्री कटोरी मंदिर में कांति कोली के नेतृत्व में जाहरवीर गोगाजी की मूर्ति की विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गयी। इससे पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा का समाज सेवी संजय ठुकराल ने केसरिया झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। कलश यात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान श्री ठुकराल ने धार्मिक आयोजनों में बढ़चढ़कर भागीदारी करने का आहवान किया। श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम में समाज कोई धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है । उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरत है।धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर कांति कोली, पप्पू कोली, राजू गुप्ता, तुलाराम, मीलाल भगत, गोविंद कोली, देशराज कोली, तारा, जुगल किशोर, पूनम, कमलेश, पुरन पाल ,राजू कोली, सुरेंद्र पाल, भगवान दास, सतीश श्रीवास्तव, केदार, रोली, मुस्कान, अनिल कोली, पंडित नरेश चंद्र शर्मा, राजेंद्र, सुरेश, कैलाश पाल, अंकित श्रीवास्तव, राकेश कोली, राजा राठौड़, जय देवी, राजू, लीलाधर कोली, सुशीला, रोहतास रस्तोगी, पुष्पा कोली, पूरनलाल पाल, शिवम, अरुण आदि सहित कई लोग थे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## लैंगिक समानता

पूरी दुनिया में लंबे समय से महिलाओं को पुरुषों के बराबर हक और हिस्सेदारी की जरूरत की बात उठती रही है। सरकारों ने अनेक नीतियां बनाईं, कई नियम-कायदों में बदलाव किए गए। लेकिन शिक्षा, आय, सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी के स्तर पर सवाल उठते रहते हैं। विश्व आर्थिक मंच की इस साल की लैंगिक अंतर सूचकांक रपट में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक आंका गया है। भारत दो पायदान नीचे खिसककर 129वें स्थान पर आ गया, जबकि आइसलैंड जैसे छोटे से देश ने सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। दक्षिण एशिया में भारत वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक में बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और भूटान के बाद पांचवें स्थान पर है। रपट में यह भी कहा गया है कि भारत ने 2024 में अंतर का 64.1 फीसद कम कर लिया है। भारत के आर्थिक समानता स्कोर में सुधार हो रहा है, लेकिन 2012 के 46 फीसद के स्तर पर लौटने के लिए इसे 6.2 फीसद अंक बढ़ाने की जरूरत है। लैंगिक समानता के लिए विश्व भर की सरकारों ने अनेक नीतियां बनाई हैं, पर उनसे अपेक्षित परिणाम नहीं निकल पाए हैं। विश्व आर्थिक मंच की रपट से स्पष्ट है कि भारत में नीतियां फाइलों और घोषणाओं तक सीमित रह गई हैं। भारत पिछले वर्ष 127वें स्थान पर था और सूची में दो पायदान नीचे जाने की मुख्य वजहों में शिक्षा प्राप्ति और राजनीतिक सशक्तीकरण मापदंडों में आई मामूली गिरावट है। यह स्थिति तब है, जब भारत में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए विधेयक पारित किया जा चुका है। माध्यमिक शिक्षा में नामांकन के मामले में भारत ने बसे अच्छी समानता दिखाई है जबकि महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण में अपना देश 65वें स्थान पर है। बीते 50 वर्षों में महिला/पुरुष राष्ट्राध्यक्षों के साथ समानता के मामले में भारत 10वें स्थान पर है। स्पष्ट है कि लोगों के दृष्टिकोण में बदलाव तो आ रहा है, लेकिन पुरुषवादी मानसिकता पूरी तरह खत्म नहीं हो रही है। इस स्थिति को बदलने के लिए समाज की मानसिकता को बदलना होगा।

## सच्चे शिष्य को मिलता है सद्गुरु

हम सच्चे गुरु की तलाश में सारा जीवन बिता देते हैं फिर भी हम सद्गुरु को नहीं पाते, हमें सच्चा गुरु तो तब मिलेगा जब हम गुरु के सच्चे शिष्य बन जायेंगे । आज के इस युग में श्रवण कुमार जैसी संतान भले ही न हो, लेकिन यदि हमने अपनी संतान को अच्छे सुसंस्कार बचपन में ही दे दिए तो वह संतान भी श्रवण कुमार से कम नहीं होगी स आज हमारा जीवन का जीने का तरीका ही बदल गया है बिस्तर से उठते ही हमें अब परमात्मा की याद नहीं बल्कि बैड टी की याद आती है स हम भगवान के दर्शन को जब नाश्ता कर के जायेंगे तो फिर हमारी भगवान के प्रति आस्था कहाँ से होगी? संसार का प्रत्येक जीव अपने भाग्य का खाता है बालक के इस संसार में आने से पहले ही उस के दूध की व्यवस्था माँ के आँचल में हो जाती है स हमें अपने पुण्य को प्रबल बनाना है तो पुण्य कार्य करना होगा स हर माँ बाप चाहते हैं कि मेरे घर में राम, महावीर, कृष्ण जैसी संतान जन्म ले लेकिन उसके लिए हमें भी दशरथ और सिद्धार्थ जैसा आदर्शमय जीवन बनाना होगा इसलिए हम जागें और अपने जीवन की दिशा को मोड़कर धर्म के पथ पर अग्रसर हो जाएँ और फिर हम देखेंगे की हमारा जीवन धर्ममय हो जायेगा स आज हमारे परिवारों में खाने पीने की कोई कमी नहीं केवल विचारों की कमी है स सप्ताह में एक बार सभी परिवार के सदस्य इकट्ठे बैठ कर आपस में विचार विमर्श करें और एक दूसरे से मेलजोल बनाये रखें एवं सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़ कर सहयोग करें तो हम पाएंगे कि हमारा घर खुशियां का संसार बन जाएगा व उन्नति के पद पर आगे बढ़ता जायेगा व किसी प्रकार का अभाव नहीं होगा।

**प्रस्तुति- नरेश कुमार सेठ**

# गंगा हमारा जीवन, संस्कृति एवं गौरव

**गंगा दशहरा विशेष**

गंगे च यमुने चौव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिन्धु कावेरी जले अस्मिन् सन्निधिम् कुरु।। नमो गंगायै विश्वरुपिणी नारायणी नमो नमः।। गंगागंगेति योब्रूयाद् योजनानां शतैरपि। भारतीय संस्कृति का आधार तथा



उत्तराखंड से गंगा सागर तक जोड़ने वाली भारतीयता है मां गंगा । पतित पावन गंगा का यह दिवस गंगा दशहरा है इसका धार्मिक महत्व है। माना जाता है कि इस शुभ दिन पर जो लोग माता गंगा की पूजा-अर्चना करते हैं उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही उनके पापों का नाश होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार इसी तिथि पर पृथ्वी पर मां गंगा अवतरित हुईं और उन्होंने राजा भगीरथ के पूर्वजों का उद्धार किया । गंगा की पवित्रता है की गंगा में स्नान करने से मनुष्य के सारे पापों का नाश होने की मान्यता है। मरने के बाद लोग गंगा में राख विसर्जित करना मोक्ष प्राप्ति का द्वार माना जाता है । गंगा नदी के किनारे बसे हुए तीर्थस्थल में वाराणसी, हरिद्वार और प्रयागराज उत्तरकाशी प्रमुख हैं। गंगाजल को पवित्रता सर्वज्ञ है ।समस्त संस्कारों में उसका होना आवश्यक है। पंचामृत के साथ पर्वों और उत्सवों में गंगा का सीधा सम्बन्ध है। जिनमे मकर संक्रांति, कुम्भ और गंगा दशहरा ,बसंत पंचमी गंगा नहाय के दिन है । महाभारत के अनुसार प्रयाग में माघ मास में गंगा-यमुना के संगम पर तीन करोड़ तीर्थों यात्रियों का संगम होता है। ये तीर्थ स्थल सम्पूर्ण भारत में सांस्कृतिक एकता स्थापित करते हैं।तो कावर की संख्या 4 करोड रहती है।गंगा का उल्लेख भक्ति ग्रन्थ में भी है जिनमें श्री गंगा सह स्रनाम स्तोत्रम और आरती सबसे लोकप्रिय हैं। गंगोत्री तथा अन्य स्थानों पर गंगा के मंदिर और मूर्तियाँ भी स्थापित हैं उत्तराखण्ड के पंच प्रयाग तथा प्रयागराज गंगा के वे प्रसिद्ध संगम स्थल हैं जहाँ वह अन्य नदियों से मिलती हैं। ये सभी संगम धार्मिक दृष्टि से पूज्य माने गये हैं। गंगा सिंचाई की बारह माह स्रोत भी है धान, गन्ना, दाल, तिलहन, आलू एवम् गेहूँ गंगा के पठार की दैन हैं। गंगा के तटीय क्षेत्रों में दलदल तथा झीलों के कारण यहाँ लेग्यूम, मिर्च, सरसो, तिल, गन्ना और जूट की बहुतायत फसल होती है। नदी में मत्स्य उद्योग भी बहुत जोरों






पर चलता है। गंगा नदी भारत की सबसे बड़ी नदी प्रणाली है; इसमें लगभग 400 मत्स्य प्रजातियाँ मिलती हैं। गंगा नदी पर्यटन के साथ रैफ्टिंग के लिए भी मशहूर है। गर्मी के मौसम मे उत्तराखण्ड में ऋषिकेश, बद्रीनाथ मार्ग पर कौडियाला से ऋषिकेश के मध्य रैफ्टिंग, क्याकिंग व कैनोइंग के शिविरों का आयोजन होता है । गंगा नदी विश्व भर में अपनी शुद्धीकरण क्षमता के कारण जानी जाती है। वैज्ञानिक मानते हैं कि इस नदी के जल में बैक्टीरियोफेज नामक विषाणु होते हैं, जो जीवाणुओं व अन्य हानिकारक सूक्ष्मजीवों को जीवित नहीं रहने देते हैं। नदी के जल में प्राणवायु (ऑक्सीजन) की मात्रा को बनाये रखने की असाधारण क्षमता है। गंगा के तट पर घने बसे औद्योगिक नगरों के नालों की गंदगी सीधे गंगा नदी में मिलने से प्रदूषण पिछले कई सालों से भारत की चिन्ता का विषय है । औद्योगिक कचरे के साथ-साथ प्लास्टिक कचरे की बहुतायत ने गंगा जल को बेहद प्रदूषित किया है। जाँच के अनुसार गंगा का बायोलॉजिकल ऑक्सीजन स्तर 3 डिग्री (सामान्य) से बढ़कर 6 डिग्री हो चुका है। गंगा में 3 करोड़ 90 लाख लीटर प्रदूषित कचरा प्रतिदिन गिर रहा है। विश्व बैंक रिपोर्ट के अनुसार 12 प्रतिशत बीमारियों की वजह प्रदूषित गंगा जल है। यह चिन्तनीय है कि गंगाजल न स्नान के योग्य रहा, न पीने के योग्य रहा और न ही सिंचाई के योग्य। गंगा के पराभव का अर्थ होगा, हमारी समूची सभ्यता एवं संस्कृति का अन्त होना ।गंगा में बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए घड़ियालों की मदद ली जा रही है।शहर की गंदगी को साफ करने के लिए संयन्त्रों को लगाया जा रहा है और उद्योगों के कचरों को इसमें गिरने से रोकने के लिए कानून बने हैं। इसी क्रम में गंगा को राष्ट्रीय धरोहर घोषित कर दिया गया है और गंगा एक्शन प्लान व राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना लागू की गयी हैं। जनता भी इस विषय में जागृत हुई है। संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट के अनुसार हिमालय पर स्थित गंगा की जलापूर्ति करने वाले हिमनद की अगले 50 वर्ष में समाप्त होने की सम्भावना है। नमामि गंगा योजना के अंतर्गत भारत सरकार ने गंगा के किनारे स्थित 48 औद्योगिक इकाइयों को बन्द करने का आदेश भी दिया है। भारत की राष्ट्र-नदी गंगा जल ही नहीं, अपितु भारत और हिन्दी साहित्य की मानवीय चेतना को भी प्रवाहित करती है। ऋग्वेद, महाभारत, रामायण एवं अनेक पुराणों में गंगा को पुण्य सलिला, पाप-नाशिनी, मोक्ष प्रदायिनी, सरित्श्रेष्ठा एवं महानदी कहा गया है। संस्कृत कवि जगन्नाथ राय ने गंगा की स्तुति में श्श्रीगंगालहरीश नामक काव्य की रचना की है। हिन्दी के आदि महाकाव्य पृथ्वीराज रासो तथा वीसलदेव रास (नरपति नाल्ह) में गंगा का उल्लेख है। आदिकाल का सर्वाधिक लोक विश्रुत ग्रन्थ जगनिक रचित आल्हखण्ड में गंगा, यमुना और सरस्वती का उल्लेख है। कवि ने प्रयागराज की इस त्रिवेणी को पापनाशक बतलाया है। श्रृंगार-रस के कवि विद्यापति कबीर वाणी और जायसी के पद्मावत में भी गंगा का उल्लेख है, किन्तु सूरदास और तुलसीदास ने भक्ति भावना से गंगा-महात्म्य बताया है। गोस्वामी तुलसीदास ने कवितावली के उत्तरकाण्ड में 'श्री गंगा महात्म्य' में गंगा दर्शन, गंगा स्नान, गंगा जल सेवन, गंगा तट पर बसने वालों के महत्त्व बताया । पद्माकर ने गंगा की महिमा के लिए गंगालहरी नामक ग्रन्थ की रचना की है। सेनापति कवित्त रत्नाकर में गंगा महात्म्य में कहा कि पाप की नाव को नष्ट करने के लिए गंगा की पुण्यधारा तलवार-सी सुशोभित है। रसखान, रहीम आदि ने भी गंगा को प्रभावकारी कहा । कवि जगन्नाथदास रत्नाकर के ग्रन्थ गंगावतरण में कपिल मुनि द्वारा शापित सगर के साठ हजार पुत्रों के उद्धार के लिए भगीरथ की श्भगीरथ-तपस्याश से गंगा के भूमि पर अवतरित होने की कथा है। अन्य कवियों में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, सुमित्रानन्दन पन्त और श्रीधर पाठक आदि ने भी गंगा का वर्णन किया है। छायावादी कवियों का में सुमित्रानन्दन पन्त ने 'नौका विहार' में गंगा कविता प्रसिद्द है। भारत एक खोज (डिस्कवरी ऑफ इंडिया) तथा गंगा की पौराणिक कहानियों को महेन्द्र मित्तल ने संवारा है । गंगा दशहरा पर द्वार पत्र लगाने की परंपरा है ।गंगा हमारा जीवन ,संस्कृति एवं गौरव है जिसे हमे संरक्षित एवं स्वस्छ रखना होगा ताकि नमो गंगायै विश्वरुपिणी नारायणी नमो नमः।।

**-प्रोफेसर, ललित तिवारी।**

# फादर्स डे : संतान के सद्गुण एवं नैतिक मूल्य

'फादर्स डे' एक ऐसा दिन है जबकि हम अपने-अपने पिता के प्रति विशेष सम्मान व आभार प्रकट करते हैं। यह एक ऐसा दिन भी है जबकि हम



परमात्मा को याद करते हैं, जोकि हम सबके पिता-परमेश्वर हैं। इस दिन हम अपने शारीरिक पिता से मिले प्रेम को और उनसे मिले उपहारों को दिल से याद करते हैं, तथा उनका धन्यवाद करते हैं। यह एक ऐसा समय भी है जबकि हम प्रभु से मिली देनों व बरकतों को याद करते हैं, तथा उनका शुक्राना अदा करते हैं। प्रभु ही हमारे सच्चे पिता हैं, और हर तरह से हमारा खयाल रखते हैं। हरेक माता-पिता अपनी संतान में वो सद्गुण एवं नैतिक मूल्य देखना चाहते हैं जो स्वयं उनके अंदर होते हैं। हरेक माता-पिता चाहते हैं कि उनका बेटा या बेटी बड़े होकर अच्छे इंसान बनें। प्रभु हमसे अलग नहीं हैं। यह हमारा मन है जो हमें प्रभु से दूर कर देता है। परमात्मा का अंश, आत्मा, प्रत्येक इंसान के अंदर पाई जाती है। परमात्मा ने आत्मा को अपने ही नमूने पर बनाया है। समस्त मानव जाति परमात्मा के स्वरूप के आधार पर ही बनाई गई है। प्रभु चाहते हैं कि हम सभी उस महान् स्वरूप के अनुसार ही अपना जीवन जिएँ, सद्गुणों एवं नैतिक मूल्यों को अपने अंदर धारण करें। प्रभु चाहते हैं कि हम केवल उनसे ही नहीं, बल्कि उनकी बनाई हुई सृष्टि में मौजूद सभी इंसानों व जीवों से प्रेम करें। इसी उद्देश्य से सृष्टि का निर्माण किया गया था। कहा जाता है कि प्रभु ने समस्त मानव जाति को एक-दूसरे से प्रेम व करुणा का व्यवहार करने के लिए ही बनाया है, नहीं तो अगर प्रभु को केवल अपनी भक्ति ही करानी होती, तो उसके लिए तो फरिश्ते ही काफी थे। परंतु प्रभु ने फिर भी इंसानों को बनाया, ताकि व न केवल प्रभु से प्रेम करें, बल्कि आपस में एक-दूसरे से भी प्रेम करें। जो इंसान अपने साथी इंसानों की मदद करता है, वो प्रभु को अच्छा लगता है। अपनी इच्छाओं व सुखों का त्याग करके भी दूसरों की सहायता करना, यह विशिष्ट गुण परमात्मा को बहुत अच्छा लगता है; और जिसके अंदर भी यह सद्गुण मौजूद होता है, वो इंसान भी परमात्मा को बहुत भाता है। इस धरती पर अरबों आत्माएँ जी रही हैं। उनमें से बहुत से लोग स्वार्थ एवं लापरवाही से भरपूर जीवन जी रहे हैं। बहुत से लोग तो आपे से बाहर जाकर भी अधिकार, शोहरत, सत्ता, मान-प्रतिष्ठा चाहते हैं। इसका अर्थ यह है कि वे लोग प्रभु की विपरीत दिशा में कदम उठा रहे हैं। जबकि प्रभु तो वास्तव में यही चाहते हैं कि हम न केवल उनसे बल्कि सभी इंसानों से एक समान ही प्रेम करें। जो लोग ऐसा करते हैं, केवल वे ही सच्चे मायनों में प्रभु की संतान हैं। 'फादर्स डे' के दिन हम अपने-अपने पिता को सम्मान देने की सोचते हैं। लेकिन इसके साथ ही हमें प्रभु को भी सम्मान व धन्यवाद देना चाहिए, जोकि हम सबके सच्चे व सर्वोपरि पिता हैं। इसका सबसे अच्छा तरीका यह है कि हम उनके द्वारा मिली देनों एवं बरकतों को याद करें तथा उनका शुक्रिया अदा करें। दूसरे, हमें जिस महान् उद्देश्य के लिए यह मानव जन्म मिला है, उसे हम पूरा करें और अपने आध्यात्मिक लक्ष्य को प्राप्त करें। आइए, आज के दिन हम लोग अपने शारीरिक पिता को धन्यवाद देने के साथ-साथ पिता-परमेश्वर, जिनसे हमें अपने जीवन के सभी उपहार प्राप्त हुए हैं, का भी दिल से शुक्राना अदा करें।

**-संत राजिंदर सिंह जी महाराज**

# मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण

गंगा दशहरा हर साल ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन मनाया जाता है। इस बार यह तिथि 16 जून, रविवार को पड़ रही है, ऐसे में इस दिन गंगा दशहरा मनाया जाएगा। मान्यताओं के अनुसार, इस दिन गंगा जी में डुबकी लगाने का बहुत अधिक महत्व है। इसके अलावा इस दिन मां गंगा की पूजा और आरती भी की जाती है। ऐसा करने से व्यक्ति को समस्त पापों से छुटकारा मिल जाता है, और उसके जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। गंगा दशहरा का महत्व धार्मिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो इस दिन मां गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं, इसलिए इसे मनाया जाता है, ज्योतिष के अनुसार इस दिन गंगाजल से जुड़े कुछ उपाय किए जाएं तो उन्हें मां गंगा की कृपा तो प्राप्त होगी ही, साथ ही अन्य लाभ भी मिलेंगे। गंगा दशहरा के दिन गंगा जी में स्नान करना बहुत फलदाई होता है। लेकिन अगर आप गंगा स्नान करने में सक्षम नहीं हैं और वहां नहीं जा पा रहे हैं तो ऐसे में आप घर पर ही पानी की बाल्टि में गंगाजल डालकर उससे स्नान कर सकते हैं। इससे आपको शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से शांति मिलेगी। सनातन शास्त्रों में निहित है कि राजा सगर के पुत्रों को मोक्ष दिलाने हेतु ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मां गंगा धरती पर अवतरित हुई थीं। इस दिन पितरों का तर्पण और पिंडदान भी किया जाता है। धार्मिक मत है कि गंगा दशहरा पर गंगा स्नान कर पितरों का तर्पण करने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। गुरुड़ पुराण में गंगा दशहरा पर विशेष उपाय करने का विधान है। इन उपायों को करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। वहीं, व्यक्ति को पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। अगर आप पितृ दोष से पीड़ित हैं, तो गंगा दशहरा के दिन गंगाजल युक्त पानी से स्नान करें। सुविधा होने पर गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाएं। इसके बाद तिलांजलि दें। इसके लिए अंजलि यानी हथेली पर काले तिल रखकर गंगा की जलधारा में प्रवाहित करें। तिलांजलि तीन बार करें। गुरुड़ पुराण में निहित है कि तीन पीढ़ी के पूर्वजों का तर्पण करना चाहिए। इसके लिए तीन बार तिलांजलि करें। गंगा दशहरा के दिन गंगाजल युक्त पानी से स्नान करने के बाद गंगाजल में काले तिल मिलाकर भगवा का अभिषेक करें। इस समय पितरों को मोक्ष प्रदान कर की कामना भगवान शिव से करें। इन उपायों से आप व आपके पित्रगणों को दोष से मुक्ति मिलती है। इस वर्ष ज्योतिषीय गणना के अनुसार ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 16 जून को देर रात 02 बजकर 32 मिनट पर शुरु होगी और अगले दिन 17 जून को ब्रह्म मुहूर्त में 04 बजकर 43 मिनट पर समाप्त होगी। नोट करें यह तिथि अंग्रेजी कैलेंडर पर आधारित है। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। अत: 16 जून को गंगा दशहरा मनाया जाएगा। 'हर हर गंगे'।

**– सुरेश सिंह बैस शाश्वत**



# बाबा नीब करौरी महाराज के जयकारों से गूंजा कैंची धाम,नहीं लगा जाम





नैनीताल। आस्था के केंद्र सुप्रसिद्ध कैंची धाम में स्थापना दिवस पर आस्था आस्था का सैलाब उमड़ा। मध्य रात्रि से ही बाबा भक्त कैंची धाम पहुंच गए। सुबह साढ़े पांच बजे मंदिर का मुख्य द्वार खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं ने बाबा नीम करौरी के जयकारों के साथ बाबा के दर पर मत्था टेका। सुबह से शाम तक मंदिर के मुख्य द्वार पर दोनों ओर करीब तीन किमी लंबी कतार लगी रही। देर रात्रि तक लगभग दो लाख से अधिक यात्रियों ने मंदिर पहंचकर दर्शन किये। वहीं जिला एवं पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारी एवं पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा भी कैची धाम में पहुंचकर व्यवस्थाओं में जुटे रहे। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने कैंची धाम पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले में में श्रद्धालुओं के लिये व्यपक व्यवस्थायें की गई है। वहीं भीषण गर्मी के बावजूद यात्रियों की उमड़ी भीड़ तपति धूप भी आस्था को डिगा न सकी। कैंची धाम के सत्तर वें स्थापना दिवस पर बाबा भक्तों का हुजूम उमड़ा। देश के कोने कोने से बाबा भक्त कैंची धाम पहुंचे। सुबह से बाबा भक्तों के कैंची धाम पहुंचने का सिलसिला शुरु हुआ। दिन चढ़ने के साथ श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में पहुंच गई। शहरी क्षेत्रों के साथ ही सूदूर गांवों से भी श्रद्धालु अपने प्रिय बाबा के दर पर पहुंचने को आतुर रहे। हाइवे पर मंदिर के मुख्य द्वार के दोनों ओर लगी लंबी लाइन में बाबा भक्तों ने कतारबद्ध होकर बाबा के दर पर शीश झुकाया। तेज धूप में भी श्रद्धालु बाबा के जयकारों के साथ लाइन में खड़े रहे। पुलिस, प्रशासन, मंदिर प्रबंधन समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मुस्तैदी से ड्यूटी में डटे रहे। बाबा के देश के साथ ही विदेशों में भी लाखों अनुयाई हैं। स्वीटजरलैंड के ज्यूरिख शहर निवासी साबरी ने भी स्थापना दिवस पर बाबा के दर पर मत्था टेका। बेहद खुश नजर आ रहे साबरी ने खास बातचीत में कहा की अमेरिका में स्थित रामदास आश्रम में पहुंचकर बाबा नीम करौरी के बारे में पता चला। बाबा को याद किया और कैंची धाम पहुंचने का कार्यक्रम तय हो गया। पेशे से रियल स्टेट कारोबारी साबरी सप्ताहभर पूर्व कैंची धाम पहुंचे। बताया की यहां पहुंचकर काफि शांति मिली। विशेष ऊर्जा का संचार हुआ है। शाबरी कहते हैं की काकड़ीघाट स्थित नीम करौरी आश्रम में भी ध्यान लगाया। कहते हैं की स्थापना दिवस पर कैंची धाम पहुंचना उनका सौभाग्य है। अब जल्द ही परिवार के साथ कैंची धाम पहुंचने की भी बात कही। वनाग्नि की घटनाओं को टालने के लिए इस वर्ष मेला परिसर के आसपास एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम भी मुस्तैद रही एनडीआरएफ के 21 जवान व करीब दस से ज्यादा एसडीआरएफ के जवान भी सुबह से शाम तक व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। सैकड़ों पुलिसकर्मी व होमगार्ड तथा पीआरडी जवान भी चप्पे चप्पे पर तैनात रहे। मंदिर परिसर के मुख्य गेट के सामने स्थापित कंट्रोल रुम में बनाए गए स्वास्थ्य केंद्र में सैकड़ों लोगों का प्राथमिक उपचार किया गया। निशुल्क दवाइयां वितरीत की गई। दो आपातकालीन 108 सेवा व सीएचसी गरमपानी की एंबुलेंस से बीपी, रिहाइड्रेशन से संबंधित मरीजों को स्वास्थ्य शिविर तक पहुंचाया गया। कंट्रोल रुम में बने पुलिस के खोया-पाया केंद्र में भी मेले में बिछुडे लोगों को उनके स्वजनों से मिलाने में मदद की गई।

## राशन की कालाबाजारी पर सस्ता गल्ला विक्रेता के खिलाफ केस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डीएसओ के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों द्वारा रम्पुरा के सस्ता गल्ला विक्रेता सतीश आर्या की दुकान के किये गये औचक निरीक्षण में राशन की कालाबाजारी करने, खाद्यान्न को मनमाने ढ़ंग से वितरण कर खाद्यान्न वितरण प्रक्रिया की अवहेलना करने व तथ्यों को छिपाना पाये जाने पर उसके विरूद्ध रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी हेमा बिष्ट ने कहा है कि जिला पूर्ति अधिकारी के आदेश पर धर्मेन्द्र सिंह क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी तथा हेमा विष्ट क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की संयुक्त टीम विक्रेता सतीश आर्या सस्ता गल्ला विक्रेता वार्ड 22 रम्पुरा की दुकान की जाँच हेतु गठित की गयी। 6 अप्रैल 2024 को समिति द्वारा सतीश आर्या सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान का निरीक्षण किया गया। दुकान बंद होने पर विक्रेता को घर से बुलाकर दुकान खुलवायी गयी। उससे दुकान सम्बन्दी समस्त अभिलेख मांगने पर बताया कि पूर्ति निरीक्षक रुद्रपुर द्वारा उनकी दुकान का निरीक्षण किया गया व स्टॉक पंजिका वह अपने साथ निरीक्षण हेतु ले गयी है। विक्रेता द्वारा मौके पर न तो बिकी रजिस्टर उपलब्ध कराये गये और न हीं सन्तोषजनक उत्तर दिया गया। जाँच समिति द्वारा सस्ता गल्ला दुकान पर खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन कर वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी भी की गयी। सतीश आर्या ने बताया माह मार्च 2024 के सापेक्ष खाद्यान्न का वितरण किया जा चुका है। माह अप्रैल 2024 के सापेक्ष खाद्यान्न के उठान पर उसने बताया गया कि उनके द्वारा माह अप्रैल 2024 के सापेक्ष खाद्यान्न का उठान राजकीय खाद्यान्न गोदाम, रूद्रपुर से 6-4-2024 तक नहीं किया गया है। जिस पर वरिष्ठ विपणन अधिकारी, राजकीय खाद्यान्न गोदाम से दूरभाष पर वार्ता करने पर ज्ञात हुआ सतीश आर्या को राजकीय खाद्यान्न गोदाम से माह अप्रैल 2024 का खाद्यान्न 30-03-2024 को उपलब्ध करा दिया गया है। ऑनलाईन वितरण रिपोर्ट पर विक्रेता द्वारा 30-03-2024 व 31-03-2024 में कोई भी बायोमैट्रिक ऑनलाईन ट्रान्जेक्शन नहीं किया गया है। इससे स्पष्ट है कि विक्रेता द्वारा खाद्यान्न वितरण मनमाने ढंग से किया जा रहा था एवं बायोमैट्रिक विधि से कार्डधारकों को खाद्यान्न वितरित किये जाने की पारदर्शी प्रक्रिया का स्पष्ट अवेहलना की गयी है। 24 मई, 2024 के द्वारा सतीश आर्या को कारण बताओ नोटिस प्रेषित कर उसे प्रकरण पर लिखित स्पष्टीकरण मय साक्ष्य के 28.05.2024 तक डीएसओ कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने को कहा गया। विक्रेता द्वारा निर्धारित तिथि तक कोई उत्तर नहीं दिया गया। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद सस्ता गल्ला विक्रेता के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया। पुलिस ने मामले में रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गंगा दशहरा पर्व पर राहगीरों को दिलाई भीषण गर्मी से राहत

रामनगर (उद संवाददाता)। रविवार को गंगा दशहरा पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला । नगर में अलग-अलग स्थान पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा रहागीरों को शिकंजी एवं शरबत का वितरण किया गया । भीषण गर्मी में जहां एक और जनता बुरी तरह परेशान है तो वही गर्मी को लेकर सामाजिक संस्थाओं द्वारा किए जा रहे इस प्रकार के कार्यक्रमों को लेकर जनता ने भी उनकी जमकर सराहना की। पुरानी तहसील चौक पर पवन जैन व उनके



सहयोगियों के द्वारा आज शिकंजी वितरण का कार्यक्रम किया गया ।उन्होंने बताया कि उनके द्वारा पिछले 5 वर्षों से यह कार्यक्रम किया जा रहा है उन्होंने कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी में बाजार में खरीदारी करने आ रहे लोगों को भी गर्मी के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज उनके द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों ने शिकंजी का सेवन करते हुए राहत की सांस ली तो वहीं उन्होंने कहा कि उनके द्वारा भविष्य में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहेगा। उन्होंने गंगा दशहरा पर भी की सभी को बधाई देते हुए अपने सहयोगियों का भी आभार व्यक्त किया।

## श्री चैतन्य स्कूल के विद्यार्थियों ने अमेरिका में मचाई धूम



सितारगंज (उद संवाददाता)।श्री चैतन्य स्कूल के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका के नासा के तत्वाधान में एनएसएस आईएसडीसी सम्मेलन में प्रतिभाग कर विश्व में कीर्ति स्थापित कर दी। अमेरिका में हुए सम्मेलन में आर्टिस्टिक मेरिट वर्ग में चैतन्य स्कूल ग्रुप के छात्रों ने 500 डॉलर पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया है। चौतन्य स्कूल की डायरेक्टर सीमा ने बताया कि अमेरिका के नासा के निर्देशन में सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें करीब 30 देश के सैकड़ो छात्र सम्मिलित हुए थे। उनमें 167 छात्र श्री चौतन्य स्कूल ग्रुप के ही थे। सम्मेलन में सेटलमेंट कांटेक्ट में भारत से 28000 छात्र गए थे। लेकिन इनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चौतन्य स्कूल के 639 छात्रों ने प्रतिभाग किया। उनमें विनिंग प्रोजेक्ट जीतकर 11वीं बार दुनिया में चैतन्य को विश्व चौंपियन का खिताब मिला है। उन्होंने बताया कि इन 62 विंग प्रोजेक्ट में वर्ल्ड फर्स्ट प्राइज सेवन प्रोजेक्ट, वर्ल्ड सेकंड प्राइज 11 प्रोजेक्ट, वर्ल्ड थर्ड प्राइस 15 प्रोजेक्ट और 29 प्रोजेक्टों का सम्मेलन में सम्मान पूर्वक प्रस्तुति रही। उन्होंने बताया कि तेलंगाना, उड़ीसा, कर्नाटक और तमिलनाडु के राज्यों से श्री चौतन्य के अलावा किसी दूसरी पाठशाला से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में किसी भी छात्र ने भाग नहीं लिया है। इस सम्मेलन में उनकी संस्था को 500 डॉलर पुरस्कार प्रदान कर चैतन्य के छात्रों को सम्मानित किया गया है। पिछले 13 वर्षों से अमेरिका के नासा में श्री चौतन्य स्कूल ग्रुप लगातार इतिहास रच रहा है।

## डम्पर चालक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर मार्ग में फ्लाईओवर पर कार को टक्कर मारकर मौके से फरार हुए अज्ञात डम्पर चालक के विरूद्ध कार स्वामी ने रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में अंकुश शर्मा पुत्र स्व. वीरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ग्राम महेशपुर ने कहा है कि 14 जून को सॉय वह अपने वाहन बलैनो कार चलाते हुए अपने घर महेशपुर जा रहा था। फ्लाईओवर चढते ही पीछे से आ रहें डम्पर संख्या यूके 06 सीबी 9638 के चालक ने उसके वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में पीछे से टक्कर मार दी। जिस पर उसने अपने वाहन को किसी तरह नियन्त्रित किया। लेकिन डम्पर चालक द्वारा पुन: उसके वाहन को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वाहन डिवाईडर से टकरा कर दूसरी दिशा में चला गया। डम्पर चालक वाहन को तेजी से भगा कर गदरपुर की ओर चला गया। राहगीरों ने जब मोटरसाईकिलो से उसका पीछा किया तो डम्पर चालक ने पीछा कर रही मोटरसाईकिलो को भी टक्कर मारने का प्रयास किया। डम्पर चालक को वाहन सहित ग्राम जाफरपुर के पास पकड लिया। पुलिस ने उम्पर चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

## हॉस्टल के सहपाठी युवक पर झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

### दून की युवती ने उत्तराखंड राज्य महिला आयोग में की शिकायत, मुकदमा दर्ज

देहरादून।दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में पीएचडी के दौरान दून की युवती से हॉस्टल में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि सहपाठी मुस्लिम छात्र ने वर्ष 2022 में अवसाद में चल रही छात्रा को झांसे में लेकर दुष्कर्म किया। इसके बाद लगातार यौन शोषण करता रहा। आरोपित ने उसके साथ मारपीट भी। पीड़िता ने देहरादून पहुंचकर राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई। आयोग के निर्देश पर वसंत विहार थाना पुलिस ने जीरो एफआइआर दर्ज कर ली है। एफआइआर को दिल्ली ट्रांसफर किया जा रहा है। आरोपित युवक वर्तमान में आंध्र प्रदेश के किसी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बताया जा रहा है। देहरादून के वसंत विहार थाना क्षेत्र निवासी युवती ने तहरीर में बताया कि वर्ष 2022 में वह पीएचडी के लिए जेएनयू गई थी। वह विवि के हास्टल में ही रहती थी। जहां उसकी मुलाकात पीएचडी कर रहे मोहम्मद तबरेज से हुई। पीएचडी के साथ दोनों दिल्ली में निजी क्षेत्र में नौकरी भी करने लगे। युवती ने बताया कि वह कुछ पारिवारिक व निजी कारणों से अवसाद में थी। ऐसे में तबरेज ने उसे झांसे में लेकर दोस्ती की। एक दिन उसे अपने हास्टल के कमरे में ले गया और दुष्कर्म किया। इसके बाद वह लगातार हवस का शिकार बनाता रहा। इसी बीच युवती को पता चला कि तबरेज ने एक अन्य हिंदू युवती को भी झांसे में लेकर संबंध बनाए हैं।पूछने पर उसने शादी करने की बात कहकर चुप करा दिया, लेकिन कुछ दिन बाद तबरेज ने दूरी बनानी शुरू कर दी। इस कारण वह और अवसाद में चली गई। जनवरी 2023 में तबरेज ने हास्टल का कमरा छोड़ दिया और दोस्त अहमद अंसारी के साथ दूसरे हास्टल में रहने लगा। परेशान होकर युवती ने आत्महत्या का प्रयास भी किया। आरोप है कि शादी का दबाव बनाने पर तबरेज ने उससे गाली-गलौज की, पीटा और जान से मारने की धमकी दी। यह सब होने के बावजूद युवती आरोपित तबरेज पर दबाव बनाती रही। मार्च 2023 में युवती की नौकरी देहरादून के एक विवि में लग गई, जबकि आरोपित तबरेज की नौकरी आंध्र प्रदेश के बागेश्वरम स्थित एक विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर लग गई। युवती उससे मिलने आंध्र प्रदेश पहुंची तो वहां भी तबरेज ने उसे पीटा। इसमें उसके हाथ के अंगूठे की हड्डी टूट गई। आरोप है कि एक फरवरी 2024 को जेएनयू के दीक्षा समारोह में उनकी फिर मुलाकात हुई तो तबरेज उसे एक होटल में ले गया, जहां फिर दुष्कर्म किया। आरोपित की धमकियों से परेशान होकर युवती ने उत्तराखंड राज्य महिला आयोग में शिकायत की, जिसके बाद मुकदमा दर्ज किया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# दो हादसों में चार की मौत, 12 लोग घायल

## हादसे दर हादसे: श्रीनगर के पास कार खाई में गिरी, जबकि पौड़ी जिले में बोलेरो वाहन खाई में गिरा

श्रीनगर/पौड़ी (उद संवाददाता)। रूद्रप्रयाग में टैंपो ट्रेवलर के नदी में गिरने से हुई कई लोगों की मौत के हादसे को अभी लोग भूल भी नहीं पाये थे कि रविवार को एक और बड़े हादसे से हड़कम्प मच गया। रविवार को दर्दनाक हादसा श्रीनगर में हुआ। यहां खिर्सू कठुली लिंक मोटर मार्ग पर एक कार खाई में गिर गई। हादसे में दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत की हो गई। जबकि दो लोग घायल बताए जा रहे हैं। वहीं दूसरा हादसा पौड़ी जिले में हुआ जिसमें बोलेरो खाई में गिरने से दस लोग घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीनगर में कार खिर्सू से कठुली गांव को जा रही थी। तभी कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौक पर पहुंची





और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। बताया जा रहा है कि वाहन में सात लोग सवार थे। पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति सुरक्षित है और दो घायलों को निकाला गया है। समाचार लिखे जाने तक घटना के बारे में पूरी जानकारी नहीं मिल पाई थी। वहीं रविवार को दूसरा हादसा पौड़ी जिले में हुआ। यहां बीरोंखाल ब्लॉक से हरिद्वार गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बोलेरो सतपुली में कुल्हाड बैंड के पास 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब छह बजे की है। ग्राम कसानी से कुछ लोग बोलेरो वाहन संख्या यूके 15टीए 0713 पर सवार होकर हरिद्वार गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। वाहन में अधिकतर महिलाएं शामिल थीं। कुल्हाड़ बैंड के पास वाहन अचानक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। सूचना मिलते ही मौके पहुंची एसडीआरएफ और सतपुली थाना पुलिस ने राहत बचाव कार्य शुरू किया। एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर खाई से सभी घायलों को बाहर निकाला और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया। हादसे का कारण चालक को झपकी आना माना जा रहा है। घायलों में 26 वर्षीय कीर्ति रावत पुत्री महिपाल सिंह, निवासी ग्राम कसानी, ब्लॉक बीरोंखाल, पौड़ी गढ़वाल, 43 वर्षीय भगवंती देवी पत्नी जसपाल सिंह रावत, 24 वर्षीय रश्मि पुत्री जसपाल सिंह रावत, 43 वर्षीय सरोजनी देवी पत्नी दिगम्बर रावत, 40 वर्षीय अनीता देवी पत्नी जगबीर सिंह, 46 वर्षीय सूरजपाल सिंह रावत पुत्र बख्तावर सिंह, 75 वर्षीय श्रीमती राधा देवी पत्नी गोवधन सिंह, 20 वर्षीय संजय पुत्र चंद्रपाल, 28 वर्षीय सूरज गुसाई पुत्र राजेंद्र सिंह गुसाई, 65 वर्षीय कलावती देवी पत्नी नंदन सिंह आदि शामिल हैं। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## गंगा दशहरा पर हजारों लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

हरिद्वार (उद संवाददाता)। गंगा दशहरा एवं निर्जला एकादशी पर्व पर गंगा स्नान के लिए यहां आस्था का





सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों श्रद्धालु तड़के से ही हरकी पैड़ी पर जुटने लगे और गंगा स्नान व दान कर पुण्य कमाया। हरकी पैड़ी पर इतनी भीड़ उमड़ी कि पैर रखने तक की जगह नहीं थी। तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने भी कनखल में गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान किया। पुरोहितों का मानना है कि गंगा दशहरा का पर्व तब से शुरू हुआ जब से मां गंगा धरती पर अवतरित होकर हरिद्वार में आईं। इसी दिन गंगा पुत्र भीष्म का भी जन्मदिन होता है। मान्यता है कि इस दिन हरिद्वार हरकी पैड़ी में स्नान करने से 10 प्रकार के पापों का शमन होता है। गंगा दशहरा का महात्म्य 10 योग से भी जुड़ा है। इसी योगिनियों में मां गंगा का अवतरण हरिद्वार में हुआ। गंगा स्नान को लेकर आज भारी संख्या में आस पास एवं दूर दराज से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। भारी भीड़ उमड़ने से जगह जगह जाम लगा रहा। शहर में स्नान पर्व को लेकर पुलिस ने यातायात रूट डायवर्ट किया है। यातायात प्लान शनिवार रात 12 बजे से लागू कर दिया गया था, जो 18 जून निर्जला एकादशी का स्नान संपन्न होने तक लागू रहेगा। साथ ही शनिवार रात 12 बजे से शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## टैंपो ट्रैवलर हादसे में घायल एक और युवक ने तोड़ा दम

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। ऋषिकेश एम्स में भर्ती रुद्रप्रयाग सड़क दुर्घटना के घायलों में से एक और घायल ने दम तोड़ दिया है। हादसे में घायल 18 वर्षीय



अभिषेक निवासी दिल्ली ने शनिवार देर रात दम तोड़ दिया। अब एम्स में लाए गए सात मरीजों में से मृतकों की संख्या तीन हो गई है। जबकि, अन्य चार का उपचार चल रहा है। चारों की हालत गंभीर बतायी जा रही है। हादसे में मृतकों की संख्या 15 हो गई है। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निजी दौरे पर एम्स ऋषिकेश पहुंचेंगे। योगी एम्स अस्पताल पहुंचकर रुद्रप्रयाग दुर्घटना में घायल एवं एम्स में उपचाराधीन पर्यटकों व उनके स्वजन से मुलाकात करेंगे।

## मवेशी से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत, महिला घायल

### मृतक रुद्रपुर का रहने वाला, परिजनों में कोहराम

सितारगंज (उद संवाददाता)। शनिवार शाम सिडकुल रोड पर बाइक सवार युवक की आवारा मवेशी से टकराकर मौत हो गई। जबकि बाइक में पीछे बैठी महिला हादसे घायल हो गयी। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रुद्रपुर के थाना ट्रांजिट कैंप वार्ड नंबर 10 निवासी 24 वर्षीय सुमन मजूमदार पुत्र सुधांशु मजूमदार बाइक से सिडकुल रोड में जा रहा था तभी अचानक सड़क में आवारा मवेशी के आ आने के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित होकर मवेशी से टकरा गई। सिडकुल चौकी पुलिस कर्मियों ने गंभीर घायल सुमन मजूमदार को आपातकालीन वाहन से सरकारी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने इलाज के दौरान सुमन मजूमदार को मृत घोषित कर दिया। हादसे में बाइक के पीछे बैठी महिला के चोटिल होने की सूचना है। बताया जाता है कि सुमन मजूमदार सिडकुल रुद्रपुर की गैस एजेंसी में काम करता था। सिडकुल चौकी इंचार्ज प्रकाश भट्ट ने बताया कि मवेशी से टकराकर सुमन मजूमदार की मृत्यु हुई है उनके पीछे बैठी महिला को भी मामूली चोटें लगी हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है।

## चोरी की छह बाइकों के साथ दो वाहन चोर दबोचे

काशीपुर (उद संवाददाता)। आईटीआई थाना पुलिस ने चोरी की आधा दर्जन बाइकों के साथ दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि बीते दिनों सोराज सिंह पुत्र स्व. गणेश सिंह निवासी बलमगढ़, ठाकुरद्वारा ने तहरीर देकर बताया था कि उसकी बाइक संख्या यूके 18के-0530 को महुआखेड़ागंज से किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। जबकि शनिवार को रोहित पुत्र पुत्तल निवासी अहरपुरा, आईटीआई, काशीपुर ने बताया कि उनकी मोटर साईकिल संख्या यूपी 90 ओपी-1118 को भारत गैस एजेन्सी, महुआखेड़ा गंज के पास से चोरी हो गयी। दोनों मामलों की छानबीन के लिए लगायी गयी पुलिस टीम ने



चैकिंग के दौरान अनोज उर्फ अनुज शर्मा पुत्र हरिओम तथा अंकित पुत्र रमेश निवासीगण ग्राम देवीपुर, थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही से थाना क्षेत्र से चोरी दोनों मोटरसाईकिलों सहित 4 अन्य मोटरसाईकिलें बरामद की है। पूछताछ में पता चला है कि पकड़े गये अभियुक्तों का गैंग यूपी व उत्तराखण्ड में सक्रिय है। इनके द्वारा बॉर्डर में लगने वाले थाना-चौकी क्षेत्रों से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि वे लोग मिल कर महुआखेड़ा गंज, काशीपुर, आईटीआई व उत्तर प्रदेश आदि क्षेत्रों में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। अनुज शर्मा के कब्जे से एक मास्टर चाबी बरामद हुयी जिसकी सहायता से वह किसी भी वाहन को चोरी कर लेते थे। सीओ ने बताया कि पकड़ा गया अंकित बाइक मैकेनिक भी है, जो चोरी के वाहनों में से पार्ट्स निकालकर अन्य वाहनों में लगाकर धन अर्जित करता था। पुलिस टीम में कोतवाल प्रवीण सिंह कोश्यारी, चौकी प्रभारी पैगा एसआई अनिल उपाध्याय, एएसआई सोमवीर सिंह, कां. अमित राणा, शैलेन्द्र सिंह, नीरज शुक्ला, दीपक कुमार, मुरली पाण्डे तथा एसपीओ अमिताभ सिजवाली शामिल थे।

## घर से लाखों के जेवर चोरी

रूद्रपुर। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र आपराधिक तत्वों का आतंक थम नहीं रहा है। अब अज्ञात चोरों ने राजा कालोनी में एक किरायेदार श्रमिक के कमरे से लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए गए। वीरपाल पुत्र रामपाल मूल निवासी ग्राम प्रेमपुर तहसील नवाबगंज थाना हाफिजगंज जिला बरेली हाल निवासी राजा कॉलोनी ट्रांजिट कैंप का कहना है कि वह किरायेदार के रूप में निवास करता है। गत दिवस प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच उसकी गैर मौजूदगी में अज्ञात व्यक्ति ने उसके कमरे का ताला तोड़कर कमरे से मंगलसूत्र, ओम, चांदी की कोंडनी, दो जोड़ी पायल तथा चांदी के खडुआ कर लिए। उसने पुलिस से मामले में कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## एमआरडब्लयूए पर करोड़ों के घोटाले का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल मार्ग स्थित पाश कालोनी मैट्रोपोलिस सिटी की दोनों एसोसिएशनों के मध्य चल रही खींचतान पुलिस की चौखट तक पहुंच गई है। आज कालोनी की मैट्रोपोलिस ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों व अन्य लोगों ने सिडकुल चौकी प्रभारी को तहरीर सौंपकर कालोनी की दूसरी एसोसिएशन मैट्रोपोलिस रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन पर करोड़ों का घोटाला करने सहित अन्य कई गंभीर आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। तहरीर में एसोसिएशनान सचिव राजीव भारद्वाज व अन्य लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि दूसरी एसोसिएशन के कार्य में भारी अनियमिततायें बरती जा रही है। बिजली के बिल मनमाने बसूले जा रहे हैं, वर्षों से एसोसिएशन ने कोई हिसाब नहीं दिया है। बिजली रिचार्ज केवल नगद ही कराया जा रहा है। उनका कहना है कि उक्त एसोसिएशन का 20.10.2017 से आज



तक कोई चुनाव नहीं कराया गया है। साथ ही करीब 12 करोड़ का घोटाला किया गया है। तहरीर देने आये लोगों ने चौकी प्रभारी प्रदीप कोहली को मामले की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान वीरपाल, विनय दूबे, रवि सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरे पक्ष के एसोसिएशन अध्यक्ष देवेन्द्र शाही ने लगाये गये सभी आरोपों को सिरे से नकारते हुए बताया कि उनकी एसोसिएशन के चुनाव फरवरी 2023 में कराये गये हैं। न तो किसी प्रकार की अनियमिततायें बरती जा रही हैं और न ही कोई घोटाला किया गया है। श्री शाही ने कहा कि कुछ लोग कालोनी में कराये जा रहे विकास कार्यों को पचा नहीं पा रहे हैं और वह झूठे आरोप लगाकर हमारी एसोसिएशन को एक साजिश के तहत बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एसोसिएशन की सदस्यता का मामला रजिस्ट्रार कार्यालय देहरादून में विचाराधीन है।

## बनभूलपुरा हिंसा मामले के एक आरोपी को मिली जमानत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा में हुई हिंसा मामले में अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी और बेटे समेत 107 लोग जेल में बंद है। इस मामले में एक बंदी को जमानत मिल गई है। बताया जा रहा कि आरोपी गंभीर बीमारियों से ग्रसित है। जिसका उपचार कराने का हवाला देते हुए न्यायालय में अर्जी दायर की थी, जिसे न्यायालय ने मंजूर कर लिया है। बनभूलपुरा हिंसा के मामले में यह पहली जमानत है। बीते शुक्रवार को आरोपी को जमानत पर जेल से रिहा कर दिया गया। बता दें कि बनभूलपुरा हिंसा 8 फरवरी को तब भड़की थी, जब नगर निगम, प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में कंपनी बाग से अतिक्रमण ढहाने गई थी। इस मामले में तीन मुकदमे दर्ज किए गए थे। जिसमें से दो में तस्लीम आरोपी है। बताया जा रहा कि कंपनी बाग (मलिक का बगीचा) बनभूलपुरा निवासी तस्लीम कुरैशी पुत्र साबिर हुसैन बनभूलपुरा थाना और नगर निगम की ओर से दर्ज मुकदमे का आरोप है। उस पर बनभूलपुरा थाना फूंकने, वहां लूटपाट करने, नगर निगम कर्मियों को जान से मारने की कोशिश करने और नगर निगम के वाहनों को जलाने समेत कई आरोप हैं। तस्लीम की जमानत पर जमीयत उलेमा हिंद के सदर मौलाना अरशद मदनी ने बताया कि अधिवक्ता मनीष पांडे, विजय पांडे, दानिश और आसिफ इस मामले को देख रहे थे। मामले की सुनवाई एडीजे प्रथम की कोर्ट हल्द्वानी में चल रही थी। जेल में लगातार बढ़ती बीमारी और उपचार का हवाला देते हुए कोर्ट में जमानत अर्जी लगाई गई। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इधर जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि न्यायालय के आदेश के बाद आरोपी तस्लीम को जेल से रिहा कर दिया गया है। वह कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित था।